दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, शनिवार 10 अप्रैल 2021, कृष्ण पक्ष-चर्तुदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-63 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना की दूसरी लहर वाकई कहर ढा रही है। प्रतिदिन एक लाख से अधिक नए मामले सामने आ रहे है। वास्तव में यह गंभीर चिंता का विषय है। इस बारे में पीएम मोदी ने सर्वाधिक कोरोना प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा के दौरान ठीक ही कहा है कि कुछ राज्यों ने लापरवाही की है। जिसके चलते यह स्थिति बनी है। पीएम की खरी खरी के बाद इन राज्य सरकारों को चाहिए कि वो कोरोना के खिलाफ जंग तेज करे और सख्ती बरतें। अन्यथा उनके निकम्मेपन से स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

एयरपोर्ट और स्टेशनों में प्रारंभ की जाएगी आरटीपीसीआर टेस्टिंग : सीएम बघेल

-सीएम ने सम्पादकों की वर्चुअल बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव और कोरोना टीकाकरण में जनजागरूकता के लिए की सहयोग की अपील

छत्तीसगढ़ में टेस्टिंग का औसत राष्ट्रीय औसत से बेहतर, राज्य में अब तक वैक्सीन की 37.27 लाख से अधिक डोज दी गई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव तथा कोरोना संकट के दौर में आर्थिक गतिविधियों के संचालन के संबंध में आज राजधानी रायपुर के विभिन्न मीडिया संस्थानों के सम्पादकों के साथ वर्चुअल बैठक में विचार-विमर्श किया और उनके सुझाव मांगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में कोरोना संक्रमण में आई हुई तेजी चिंताजनक है। राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम और मरीजों के इलाज के लिए सभी आवश्यक उपाय और प्रबंध दिए जा रहे हैं। सामाजिक संगठनों का भी इसमें सहयोग लिया जा रहा है।

श्री बघेल ने मीडिया से कोरोना संक्रमण से बचाव और कोरोना टीकाकरण अभियान के संबंध में जनजागरूकता हेतु सहयोगी की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपदा का समय है, इसलिए निजी अस्पतालों को मरीजों के इलाज में मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में सम्पादकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बाहर से आने वाले लोगों के लिए क्वारेंटिन सेंटर प्रारंभ करने के सुझाव पर विचार करने का आश्वासन दिया। राज्य सरकार का यह भी प्रयास होगा कि टेस्ट की रिपोर्ट लोगों को जल्द मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि एयरपोर्ट और रेल्वे स्टेशनों में बाहर से आने वाले लोगों का आरटीपीसीआर टेस्ट प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

- ■ निजी अस्पतालों में कोविड-19 की टेस्टिंग और इलाज के लिए दरें तय करने की होगी पहल
- ■ प्रधानमंत्री से वैक्सीनेशन की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित करने का किया अनुरोध
- ■ नर्सिंग के पास आउट विद्यार्थियों और अन्य सेवाओं में कार्यरत डॉक्टरों का लिया जाएगा सहयोग

वेन्टीलेटर और ऑक्सीजन बेड की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश में वैक्सीनेशन, टेस्टिंग और मरीजों के इलाज के लिए बेहतर से बेहतर प्रबंध किए गए हैं। राज्य सरकार का पूरा प्रयास है कि मरीजों को राहत मिले। वेन्टीलेटर और ऑक्सीजन बेड की कमी नहीं है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में कोविड-19 की टेस्टिंग और इलाज के लिए दरें तय करने की पहल की जाएगी।

रेमडेसिवियर की 4500 डोज उपलब्ध

इसी तरह रेमडेसिवियर इंजेक्शन की दरें भी तय किए जाएंगे। शासकीय और निजी अस्पतालों में रेमडेसिवियर की 4500 डोज उपलब्ध है, राज्य सरकार का प्रयास है कि जरूरतमंदों को इस दवाई की डोज मिल सके। कोरोना जांच, इलाज तथा कोरोना टीकाकरण की सुविधा बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी से वैक्सीनेशन की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित करने का उन्होंने अनुरोध किया है।

अप्रैल में संक्रमण 24 प्रतिशत बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कोविड संक्रमण की स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में पॉजिटीविटी दर माह मार्च 2021 में एक प्रतिशत की जो 7 अप्रैल को बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई है। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुन्द और बेमेतरा प्रदेश के सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी दर वाले जिले हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ देश के कुछ गिने-चुने राज्यों में से है जहां प्रति दस लाख में सबसे ज्यादा लोगों की टेस्टिंग हो रही है। वर्तमान में टेस्टिंग का दैनिक औसत 39 हजार 4 है। छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 10 लाख आबादी पर 1435 टेस्ट किए जा रहे हैं जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिदिन 10 लाख आबादी पर 929 टेस्ट किए जा रहे हैं। माह अक्टूबर 2020 में आरटीपीसीआर जांच का प्रतिशत 26 प्रतिशत था, जो अप्रैल 2021 में बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया है। कोविड-19 मरीजों के इलाज के लिए राज्य शासन द्वारा 36 विशेषीकृत कोविड अस्पतालों और 66 कोविड केयर सेंटर्स की स्थापना की गई है। प्रदेश के 78 निजी अस्पतालों में भी इलाज की अनुमति दी गई है। जिनमें कुल 16 हजार 207 बिस्तरों की व्यवस्था है, जिनमें 3446 ऑक्सीजन सुविधा वाले, 902 एचडीयू और 1167 आईसीयू बिस्तर शामिल है।

37 लाख से ज्यादा लोगों टीका लगवाया

कोविड टीकाकरण कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल 2021 तक राज्य में कुल 37 लाख 27 हजार 552 वैक्सीन डोज दी जा चुकी है। 87 प्रतिशत हेल्थवर्कर, 84 प्रतिशत फ्रंटलाइन वर्कर और 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 43 प्रतिशत हितग्राहियों को टीकाकरण की प्रथम डोज दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 207 कटेनमेंट जोन घोषित किए गए हैं। जहां घर-घर जाकर एक्टीव सर्विलेंस और टेस्टिंग की जा रही है।

कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा स्थगित

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए शिक्षा मंत्री को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टेस्टिंग बढ़ाई जाएगी।

खास-खबर

प्रिंस फिलिप का 99 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति प्रिंस फिलिप का निधन हो गया है। वह 99 वर्ष के थे। बकिंघम पैलेस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलिप इस साल के शुरू में करीब एक महीना तक अस्पताल में भर्ती रहे थे और 16 मार्च को छुट्टी मिलने के बाद वह विंडसर कैसल लौटे थे। फिलिप को ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग भी कहा जाता था और उनकी 1947 में एलिजाबेथ से शादी हुयी थी। उन्होंने 2017 में सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लिया था।

राफेल में 21 हज़ार करोड़ की लूट का खुलासा : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि राफेल लड़ाकू विमान सौदे में घोटाले की परते उठा रहे फ्रांस के मीडिया की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे में 21 हज़ार 75 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि राफेल में पैसे का आदान-प्रदान हुआ है और सरकारी खजाने को 21 हजार 75 करोड़ रुपए का चूना लगाया गया है।

कजाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और कजाकिस्तान रक्षा क्षेत्र और इससे संबद्ध औद्योगिक सहयोग बढ़ने पर सहमत हुये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहाँ कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल नुर्लान यर्मेकबएव के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण, रक्षा अभ्यासों तथा क्षमता निर्माण के जरिये द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों पक्षों को परस्पर हितों के रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावना पर विचार करना चाहिये।

वैक्सीन की कमी पर बढ़ी रार, भाजपा बोली-

राहुल ने क्यों नहीं लगवाया टीका : प्रसाद

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से देश में कोरोना वैक्सीन की कमी का आरोप लगाए जाने पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने ट्वीट कर कहा है कि देश में वैक्सीन की कमी नहीं है बल्कि राहुल गांधी अटेंशन की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि आखिर राहुल गांधी ने अब तक वैक्सीन क्यों नहीं लगवाई हैं या फिर वह लगवाना नहीं चाहते हैं। ऐसा तो नहीं कि वह अपनी किसी विदेश यात्रा पर वैक्सीन लगवा आए हैं और उसके बारे में जानकारी नहीं देना चाहते? एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए रविशंकर प्रसाद ने लिखा, 'राहुल गांधी को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम बघेल व गृहमंत्री साहू ने लगवाया कोविड-19 का पहला टीका

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सवेरे रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर कोविड-19 से बचाव के टीके की पहली खुराक ली। उन्होने टीका लगवाने के बाद डॉक्टरों से टीकाकरण के एक-दो दिनों के भीतर उत्पन्न होने वाली संभावित स्थितियों और टीकाकरण के तुरंत बाद रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी ली। वहीं प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के नए मामले सवा लाख के पार

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और लगातार दूसरे दिन भी नए मामलों की संख्या सवा लाख के पार रही और पिछले 24 घंटों के दौरान 69,289 सक्रिय मामले बढ़कर 9,79,608 पहुंच गए।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार इस बीच देश में 1,31,968 नये मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 30 लाख 60 हजार 542 हो गयी है। वहीं इस दौरान 61,899 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,19,13,292 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 69,289 बढ़कर 9,79,608 हो गये हैं। इसी अवधि में 780 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,67,642 हो गयी है। देश में रिकवरी दर आंशिक घटकर 91.22 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 7.50 प्रतिशत हो गया है जबकि मृत्युदर घटकर 1.28 फीसदी रह गयी है। महाराष्ट्र कोरोना के सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है और राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 19,780 बढ़कर 5,22,762 हो गयी है।

36 हजार से ज्यादा स्वस्थ्य

इस दौरान राज्य में 36,130 और मरीज स्वस्थ हुए, जिसे मिलाकर कोरोना को मात देने वालों की तादाद 2649757 पहुंच गयी है जबकि 376 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 57028 हो गया है।

अपहृत जवान को छूड़ाने वाले मध्यस्थ पद्मश्री श्री धर्मपाल सैनी को नवप्रदेश भी कर चुका है सम्मानित...

रायपुर। पद्मश्री श्री धर्मपाल सैनी वो नाम जिन्होंने बस्तर की बिहड़ में रहकर जो जनसरोकार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ श्री सैनी जन सरोकार के कार्यों में विगत कई वर्षों से जुड़े हुए है। श्री सैनी के उत्कृष्ट कार्यों के कारण उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। श्री सैनी को दैनिक नवप्रदेश के 6वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। श्री सैनी ने दैनिक नवप्रदेश को दिए साक्षात्कार में अपने जीवन से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की साथ ही लालगढ़ को दंश झेल रहा है उस पर भी बेबाकी से अपनी राय रखी। 3 अप्रैल को हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ के बाद अपहृत जवान को वापस लाने में श्री सैनी ने महत्पूर्ण योगदान योगदान दिया।

छह राज्यों में कोरोना के संक्रमण से सबसे अधिक मौतें

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात सहित छह राज्यों में कोरोना वायरस से सबसे अधिक मौतें हुई है, जो देश में इस अवधि में हुई कुल 780 मौतों का 82.53 प्रतिशत है। इस अवधि में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 376 मौतें हुई है, इसके बाद छत्तीसगढ़ में 94, पंजाब में 56, उत्तर प्रदेश में 39, कर्नाटक में 36 और गुजरात में 35 मौतें हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 1,31,968 नये मामले सामने आए। इसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 30 लाख 60 हजार 542 हो गयी है।

सुनवाई | **धर्मांतरण पर आदेश से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा-**

वयस्क चुन सकते है अपना धर्मः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। देश में कोई भी वयस्क अपने मन मुताबिक धर्म को अपना सकता है और उसे ऐसा करने की पूरी आजादी है। धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कही है। अधिवक्ता और बीजेपी लीडर अश्विनी उपाध्याय ने अपनी अर्जी में शीर्ष अदालत से काला जादू, अंधविश्वास और धोखाधड़ी से धर्मांतरण कराने पर बैन लगाने की मांग की थी।

अनुच्छेद 25 में है धर्म की आजादी

शीर्ष अदालत ने संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि अनुच्छेद 25 में प्रचार की बात कही गई है, जो धर्म की आजादी देता है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से सुनवाई से इनकार के बाद उपाध्याय ने अपनी अर्जी को वापस ले लिया। उपाध्याय का कहना है कि वह इस संबंध में कानून मंत्रालय और विधि आयोग के समक्ष अपनी बात रखेंगे। अधिवक्ता ने अपनी अर्जी में सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि वह केंद्र और राज्य सरकारों को काला जादू, अंधविश्वास और धोखाधड़ी से धर्मांतरण को रोकने के लिए आदेश जारी करे। याचिका में मांग की गई थी कि धर्मांतरण विरोधी कानूनों के पालन के लिए एक कमिटी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

याचिका खारिज कर लगाई फटकार

अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया और उपाध्यय को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा, '18 साल से अधिक आयु के व्यक्ति को धर्म चुनने से रोकने की हम कोई वजह नहीं मानते।' इसके साथ ही अदालत ने कहा कि यह पीआईएल पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन जैसी हो गई है, जिसका मकसद लोकप्रियता हासिल करना है।

अर्जी में दिया सरला मुद्गल केस का हवाला, जानें- क्या है मामला

देश में जबरन धर्मांतरण, काला जादू के मामलों का उदाहरण देते हुए अश्विनी उपाध्याय ने यह मांग की थी। यही नहीं उन्होंने 1995 के सरला मुद्गल केस का भी जिक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को धर्मांतरण रोधी कानून लाने पर विचार करने को कहा था। सरला मुद्गल केस में सुप्रीम कोर्ट के उद्धरण का उपाध्याय ने जिक्र किया। इस फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा था, 'इस कानून में यह प्रावधान किया जा सकता है कि जो भी व्यक्ति अपना धर्म बदलता है, वह पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरा विवाह नहीं कर सकता। यह प्रावधान सभी लोगों पर लागू होना चाहिए, भले ही वे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, जैन या बौद्ध कोई भी हों। इसके अलावा मेंटनेंस और उत्तराधिकार को लेकर भी कानून बनाया जाना चाहिए।'

अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक रखने के बाद

आतंकी के नाम पर एक और बड़ी साजिश रच रहा था वाझे

मुंबई (ए.)। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर मिली विस्फोटक वाली कार और मनसुख हिरेन की हत्या मामले में गिरफ्तार पुलिस अधिकारी सचिन वाझे का खेल यहीं तक सीमित नहीं था। एनआईए के सूत्रों का कहना है कि वाझे आतंकी संगठन के नाम पर एक और बड़ी साजिश की प्लानिंग में जुटा था। इससे पहले की वाझे अपनी दूसरी साजिश को अंजाम दे पाता वह अपने ही बुने जाल में फंस गया और अब एनआईए की कैद में है। सूत्रों ने बताया, ''मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबनी के घर एंटीलिया के बाहर विस्फोटक रखने के बाद सचिन वाझे और एक बड़ी साजिश की प्लानिंग में जुटा था। एनआईए के सूत्र ने कहा कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या प्रदीप शर्मा ने वाझे को लॉजिस्टिक्स सपोर्ट दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह का बयान चश्मदीद के तौर पर रिकॉर्ड किया गया है, संदिग्ध के तौर पर नहीं। मुंबई पुलिस के निलंबित अधिकारी सचिन वाझे को कोर्ट ने 23 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में रखने का आदेश दिया है। मनसुख हिरेन की हत्या और मुकेश अंबानी के घर के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ न्यूज गैलरी

ओडिशा अंतिम ब्लॉक पर डेढ़ सौ कोरोना पॉजिटिव, फिर भी बॉर्डर खुला

देवभोग (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ का अंतिम देवभोग ब्लॉक से लगा हुआ उड़ीसा धरमगढ़ में इन दिनों कोरेना का कोहराम मचा हुआ है। आय दिन 7 से 10 कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आ रहे हैं ।बीते कुछ दिनों में ही 150 से ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। बावजूद इसके अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा बॉर्डर को सील बंद करने की कार्यवाही नहीं किया गया है। जबकि मुख्यालय से अधिकांश लोग धर्मगढ़ आना-जाना रोज कर रहे हैं। जिसके चलते देवभोग ब्लॉक में भी कोरे ना का खतरा और बढ़ गया है ।क्योंकि गोहरा पदर खोकसरा खुटगांव तुवास माल से लगभग उड़ीसा धरमगढ़ जुड़ा हुआ है। ऐसे में स्वाभाविक है लोग बिना सतर्कता बरतें उड़ीसा लोगों के संपर्क में आ रहे हैं। जिससे स्थानीय प्रशासनिक अमला अच्छी तरह अवगत हैं। लेकिन बॉर्डर सील करने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं होना आम लोगों के समझ से बाहर है। जबकि कोरोना के शुरुआती दौर पर उड़ीसा से अभनपुर मार्ग के अलावा कच्ची सड़कों को भी पूरी तरह सील बंद किया गया रहा। मगर उड़ीसा की स्थिति से अवगत होकर भी सचेत नहीं होना आने वाले भयावह स्थिति को आमंत्रित करने के समान माना जा रहा है। शायद इसकी शुरुआत भी हो चुकी है ।तभी देवभोग के कोने-कोने में कोरोना पॉजिटिव मामले मिल रहे हैं। फिर भी ना जिम्मेदार गंभीर है और ना लोगों में जागरूकता दिखाई पड़ रही है ।जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में काफी बुरा होने की पूरी संभावना बनी हुई है। क्योंकि उड़ीसा के प्रशासनिक अमला ने कोरोना की रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा शक्ति बरत रही है। इसके अलावा शाम के बाद बेवजह घूमने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही भी किया जा रहा है ।तो वही देवभोग मुख्यालय पर दर्जन दर्जन की संख्या में लोग एक साथ नजर आ रहे हैं ।तभी अधिकांश लोग लॉकडाउन के पक्ष में नजर आ रहे हैं और बॉर्डर सील बंद करने के लिए भी मांग कर रहे हैं। ताकि यह ब्लॉक कुछ हद तक कोरोना से अछूता रह सके।

10वीं बोर्ड की परीक्षा स्थगित

दुर्ग (नव प्रदेश)। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगामी आदेश तक 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित करने के आदेश जारी करने निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि दुर्ग से वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने सर्वप्रथम पत्र लिख कर मुख्यमंत्री से इस आशय की मांग की थी। आदेश जारी किए जाने के बाद वोरा ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जल्द ही कोरोना के बढ़ते संक्रमण को काबू कर लिया जाएगा। श्री वोरा ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पालकों की भावना के अनुरूप जनकल्याणकारी फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया है।

वार्डो में तेजी से किया जा रहा सेनेटाइजिंग

जामुल (नव प्रदेश)। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के समस्त वार्डो में सेनेटाइजिंग कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक ने जानकारी दी है कि दुर्ग जिले में कोरोना तेजी से फैल रहा है। जिसे नियंत्रित करने के लिए षासन ने लॉकडाउन के साथ-साथ अनके उपाय किये है। जिसमें आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्र. 1, 2, 3, 6, 14, 15, 19 एवं 20 का सेनेटाइजिंग कार्य एसीसी सीमेंट वर्क्स प्रबंधन के सहयोग से किया जा चुका है। साथ ही षेश वार्डो में भी लगातार सेनेटाइज कार्य किया जावेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक ने बताया कि पालिका क्षेत्र के किसी भी घर में संक्रमित मरीज मिलता है तो उस घर एवं आसपास मोहल्ले को तत्काल सेनेटाइज किया जाता है। साथ ही आम लोगो से अपील की जाती है कि बिना वजह घर से बाहर न निकलें, मास्क का उपयोग करें, हाथों को साबुन से धोते रहें एवं षासन के निर्देषो का पालन करें एवं जांच करवाते रहें जिससे की कोविड 19 को फैलने से रोका जा सके।

अधिकारियों के साथ विधायक ने लिया कोविड सेंटर का जायजा

भाटापारा (नव प्रदेश)। जिले एवं क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के बढ़ने तथा लगातार स्थानीय निवासियों में संक्रमितों की संख्या में वृद्धि से क्षेत्रीय विधायक,आमजन, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सभी चिंतित है। भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कोरोना की बिगड़ी हुई स्थिति के कारण लोगो को हो रहे समस्या को ध्यान में रख कर जिला कलेक्टर से बात कर भाटापारा सुरखी के कोविड सेंटर को पुनः प्रारम्भ करने हेतु चर्चा की..एवं आज शुक्रवार को अधिकारियों के साथ उक्त कोविड स्थल का जायजा लिया जहाँ 73 बिस्तर का कोविड हॉस्पिटल पुनः प्रारम्भ किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जिला कोविड अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए स्थानीय सुरखी कोविड अस्पताल को पुनः कोविड सेंटर बनाया जाए। विधायक ने राजस्व, नगरपालिका और स्वास्थ्य विभाग से कहा कि वे नियमित शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दौरे करें और मास्क नहीं लगाने वाले, सोशल डिस्टेंसिंग की पालना नहीं करने वालों को जागृत करे। कोरोना मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण भाटापारा सुरखि रोड पर स्थित कोविड केयर सेंटर को पुनः से शुरू किया जाएगा। यहाँ कोरोना पॉज़िटिव आने वालों मरीजों की देखभाल एवं इलाज सेंटर पर किया जाएगा। विधायक शिवरतन शर्मा ने अधिकारियों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई व्यवस्था, मरीजों के खाने की व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया गया। शिवरतन शर्मा ने पत्रकारों के माध्यम से अपील की है कि सभी व्यक्ति अपने सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। मास्क,सेनेटाइजर अथवा साबुन से लगातार हाथ धोते रहे। अनावश्यक रूप से भीड़ भाड़ वाले जगहों से बचने का प्रयास करे। बच्चे एवं बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखे साथ ही घर से बाहर निकलते समय मास्क के उपयोग को नियमित रूप से दिनचर्या में शामिल करें। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी,जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नायाब तहसीलदार मयंक अग्रवाल,सी एम ओ आशिष तिवारी, बी एम ओ डॉ माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कोविड-19 आपातकालीन सेवा सहित खाद्यान्न उपलब्धता में कामगार

सैम्पलिंग के लिए रिसाली निगम ने जारी किया हेल्फलाईन नंबर

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। रिसाली नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के आदेश के तहत कोविड-19 आपातकालीन सेवा के तहत होम आइसोलेशन चिकित्सा सहायता सहित जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामाग्री अन्तर्गत सुखा भोजन पैकेट, वैक्सीनेशन, सैम्पलिंग, कोविड डेथबाडी का प्यूनरल तथा बिजली पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी के लिए निगम प्रशासन ने हेल्फलाईन नंबर जारी किया है। रिसाली निगम क्षेत्र के आम नागरिक इन नंबरों पर सम्पर्क कर दवाएं, स्वास्थ्य जांच, फूड पैकेट व कोविड-19 से जुड़ी किसी भी तरह की आपात स्थिति में सम्पर्क कर सहायता ली जा सकती है। इसके लिए प्र. सहा. अभियंता एस के सिंह भदौरिया को कोविड आपातकालीन सेवा का अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। कंटेनमेंट जोन सहित सेनेटाइजिंग व्यवस्था, वैक्सीनेशन, होम आईसोलेशन, सैम्पलिंग तथा कोविड पाजीटिव डेथबाडी का प्यूनरल हेतु निगम के प्र. सहा. अभियंता एस के सिंह भदौरिया मो. नं. 7999841372 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी के सहयोग के लिए संबंधित वार्डो के उपअभियंता अखिलेश गुप्ता 8120205001, हिमांशु कावड़े 8602412873, उमयंती ठाकुर 8103967854, डिगेश्वरी चंद्राकर 7415516779, गोपाल सिन्हा 8103339983 को संलग्न किया गया है।

कोविड कंट्रोल कक्ष की स्थापना

निगम में स्थापित कोविड कंट्रोल कक्ष में निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी ललिता यादव व सुनिल देशलहरे की डयूटी लगाई गई है। कंट्रोल कक्ष का हेल्फ लाईन नंबर 0788-4075725 है। इसके अतिरिक्त रा. नि. अनिल मेश्राम 9589015929 को निगम क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामाग्री (सूखा भोजन पैकेट) उपलब्ध कराने की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। रा. नि. के सहयोग के लिए गोपाल सिन्हा 8103339983, कुलवंत देशमुख 8103730666 को विभिन्न वार्डो में सूखा भोजन पैकेट वितरण हेतु संलग्न किया गया है। साथ ही साथ जिले में लाकडाउन अवधि में क्षेत्र के आमनागरिकों को बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निगम में पृथक से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई जहां पर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी अनिता गायकवाड़, भूपेन्द्र नाथ की नियुक्त की गई है जिसका हेल्फ लाईन नं 0788-4049469 है।

लॉकडाउन में घर से बेच रहा था चिकन, निगम ने लगाया जुर्माना

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। लॉकडाउन में लोगों को घर पर बुलाकर चिकन और मटन बेचना एक व्यवसायी को महंगा पड़ गया! सूचना पर निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गए और जुर्माना लगाया! वार्ड क्रमांक 37 चंद्रशेखर आजाद नगर दुर्गा पारा क्षेत्र में महमूद रहमान द्वारा चिकन और मटन का विक्रय लोगों को घर पर बुलाकर किया जा रहा था! लोग व्यवसायी से संपर्क कर पहुंच भी रहे थे! इतने में निगम की मोबाइल टीम को सूचना मिल गई और निगम के अधिकारी पहुंच गए विक्रेता के पास! विक्रेता ने काफी चिकन और मटन की बिक्री कर ली गई थी! महमूद से 1000 रुपए का जुर्माना लिया गया! वही लिंक रोड में एक दुकानदार आकाश अग्रवाल द्वारा आधा शटर गिराकर अनाज सप्लाई करने की फिराक में था! टीम ने इनकी दुकान को बंद करवाकर 5000 रुपए जुर्माना वसूल किया! निगम की मोबाइल टीम ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए निगम क्षेत्र में मॉनिटरिंग कर रही है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने टीम मुस्तैद है! अनावश्यक बाहर निकलने वालों से सघन पूछताछ की जा रही है! और उल्लंघन करने वालों पर सख्ती दिखाई जा रही है! लॉकडाउन के दौरान निगम प्रशासन द्वारा बार-बार अपील की जा रही है कि घर पर रहें सुरक्षित रहें!

संक्रमण की रोकथाम के लिए निरंतर काम कर रही स्वास्थ्यकर्ता

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। महिला स्वास्थ्य कर्ता (ए. एन. एम.) ऐसा नाम जो सभी को पता है! क्योंकि कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम में इनकी भूमिका बहुत अहम है! जब कोरोना का प्रारंभिक दौर था तब इन्होंने घर-घर जाकर सर्वे किया था! लोगों से कोरोना के लक्षण से संबंधित जानकारी एकत्र की, घरों में पहुंचकर एक-एक सदस्यों से पूछताछ की! लक्षण और बिना लक्षण वालों को पृथक कर सूची तैयार की! अब यह कोविड का टीका लगाने में अपना विशेष योगदान दे रही है! प्रातः से ही अपने घरों से निकलकर कर्म स्थल के लिए रवाना हो जाती है! लोगों के बीच पहुंचकर अपनी परवाह किए बिना 45 वर्ष एवं अधिक को कोविड का टीका लगा रही है! ऐसा नहीं है कि केवल शासकीय कार्य ही जिम्मेदारी के साथ कर रही है! बल्कि घर में भी अपने परिवार के बीच में अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रही है! एक महिला गर्भवती होने के बावजूद लोगों को कोविड का टीका लगा रही है! कई महिलाओं के तो छोटे-छोटे बच्चे हैं फिर भी दोनों ही कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक कर रही है! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इन सभी को साधुवाद देते हुए कहा कि इस कठिन परिस्थिति में भी लोगों के बीच रहकर कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए ऊर्जावान बनकर कार्य करना निश्चित रूप से इनके कर्तव्य निष्ठा को दर्शाता है।

कांग्रेस नेता गिरफ्तार, कोर्ट से मिली जमानत

राजनांदगांव (नव प्रदेश)। प्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विंग के चेयरमेन निखिल द्विवेदी, पार्षद शरद पटेल और ऋषि शास्त्री ने बसंतपुर थाने पहुंचकर गिरफ्तार दी। मामला 7 अप्रैल की रात मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला चिकित्सालय में अस्पताल अधीक्षक के चेंबर में तोड़फोड़ का है और डॉक्टरों से बुरे बर्ताव का बताया जा रहा है। 9 अप्रैल को डॉक्टर एसोसिएशन ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। तीनो नेताओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से उक्त नेताओं को जमानत मिल गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि डॉक्टर एसोसिएशन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 186, 294, लोक संपत्ति नुकसान अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मॉर्निंग वॉक में घूम रहे लोगो को आयुक्त ने चेताया कहा घर में ही रहे

निगमायुक्त एवं एसडीएम ने सुबह-सुबह की पूरे शहर की मॉनिटरिंग

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के निर्देश पर निगमायुक्त श्री हरेश मंडावी एवं श्री विनय पोयाम टीम के साथ सुबह ही शहर का भ्रमण कर मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को चेताया उन्होंने कहा कोरोना संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए माशा लगाना और सोशल डिस्टेंस का पालन करना अनिवार्य है आप सभी को समझाइश दी जाती है की दुर्ग शहर में 14 अप्रैल तक लॉकडाउन लागू है द्यश्चष्म्रस्त्रश्च2ठ्ठ के नियमों का पालन करें । शहर भ्रमण के मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, शिव शर्मा, प्रकाशधर दीवान, ईश्वर वर्मा,निशांत यादव के अलावा निगम अमला मौजूद थे। आयुक्त मंडावी ने शहर के सारे महत्वपूर्ण बाजारों, गली मोहल्ले एव शहर के पार्क समेत अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर सुबह मार्निंगवॉक में घूम रहे लोगो को रोक-रोककर समझाइश दिये। उन्हें वापस घर भेजा । इसके साथ ही शहर के सारे महत्वपूर्ण चौक, चौराहों पर निगम की टीम के साथ मॉनिटरिंग कर स्थिति का जायजा लिये। निगमायुक्त श्री मंडावी एवं एसडीएम श्री पोयाम ने भ्रमण के दौरान पाया कि कहीं पर भी लॉकडाउन का उल्लंघन नहीं हो रहा है ।

नागरिकगण कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने की दिशा में अपनी भागीदारी निभाने घर से नहीं निकल रहे हैं। केवल मेडिकल इमरजेंसी, टेस्टिंग, वैक्सीनेशन के लिए ही लोग बाहर निकल रहे हैं । जो घर से बाहर निकल रहे है! उनके पास Doctor, Document टीकाकरण के टोकन एवं मेडिकल,आईडी जांच किया जा रहा है।

अनिर्बान दासगुप्ता ने की श्रम संगठनों से चर्चा

बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी की जमकर की तारीफ

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयंत्र के विभिन्न श्रम संगठनों, एससी एसटी एसोसिएशन तथा ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कोविड के वर्तमान परिस्थिति तथा इसके नियंत्रण, बचाव व चिकित्सा हेतु सारगर्भित चर्चा की। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन द्वारा कोविड के परिस्थितियों से निपटने हेतु की गयी तैयारियों की समग्र जानकारी प्रदान करने के साथ ही शामिल पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर इसे और अधिक कारगर बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में कार्यपालक निदेशक (मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेज) डॉ संजीव इस्सर तथा कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री सुरेश कुमार दुबे सहित जेएलएन अस्पताल के सीएमओ डॉ प्रमोद विनायके विशेष रूप से उपस्थित थे। डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने बताया कि संयंत्र अपने कार्मिकों उनके परिजनों और भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों के जान की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय कर रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी यूनियन और संगठनों के नेता आम जन के मनोबल को ऊंचा उठाने और उन्हें जागरूक करने का काम करें। संयंत्र हर स्तर पर दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है। हॉस्पिटल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जा रही है । उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीनेशन कराएं। उन्होंने वैक्सीनेशन करवाने वाले कर्मियों को एक दिन के विशेष अवकाश देंने की भी घोषणा की । चर्चा के दौरान श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियो को तत्काल निर्देश दिए।

विधायक वोरा ने स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले में लगातार बढ़ते कोविड संक्रमितों की संख्या से विधायक अरुण वोरा ने चिंता जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव से चर्चा कर जिले में कोविड केयर सेंटर, आइसोलेशन सेंटर के साथ ही ऑक्सीजन बेड और वेंटिलेटर की संख्या बढ़ाने की मांग की है। प्रतिदिन पॉजिटिव केसेस की संख्या 21 सौ को पार कर चुकी है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले में कम से कम 6 हजार बिस्तरों की आवश्यकता है। आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट आने में देरी के कारण भी ज्यादातर मरीजों को ऑक्सीजन की कमी होने तक आइसोलेशन में रहना पड़ रहा है। आक्सीजन सुविधा युक्त बेड की कमी के कारण पॉजिटिव मरीज और उनके परिजन परेशान हैं।

युवामोर्चा की कार्यकारणी घोषित

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भारतीय जनता पार्टी निपनिया मंडल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा पदाधिकारियों की सूची उपाध्यक्ष भाजपा विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा,जिला महामंत्री राकेश तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो अश्वनी शर्मा,धनी राम साहू,देवक साहू की सहमति से,एवं जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु(गोलू),की अनुशंसा से भाजयुमो निपनिया मंडल अध्यक्ष टिक्की वर्मा ने पदाधिकारी व कार्यकारणी की घोषणा की. जिसमे उपाध्यक्ष तोमेश सेन,मेघनाथ वर्मा,अशवनी वर्मा,दिलीप वर्मा,विजय साहू,आदर्श नवरंगे,दीपांशु वर्मा, महामंत्री अरुण निषाद,पवन साहू,मंत्री मालिक राम यादव,त्रिलोक वर्मा,नेतराम वर्मा,मोहन साहू,साधराम डहरिया,राकेश साहू,पवन वर्मा,संदीप वर्मा,कोषाध्यक्ष गोविंदा वर्मा, प्रशिक्षण प्रमुख भइया राम,हेमलाल ध्रुव,भूपेंद्र जायसवाल,,सोशल मीडिया प्रभारी तरुण साहू,विनोद यदु,कुश साहू,,प्रचार प्रसार मंत्री रोशन महंती,सह प्रचार मंत्री बसंत सेन,कार्यालय मंत्री सोमू ध्रुव, सह कार्यालय मंत्री प्यारेलाल सेन ,शाशकीय योजना सदस्य ब्रिजेश निषाद,ओम प्रकास शर्मा,मीडिया प्रभारी लोकेश वर्मा, सह मीडिया प्रभारी वेद प्रकास वर्मा,,कन्या शक्ति चंचल वर्मा,चंद्रिका

आंगनबाड़ी कार्यकतओं ने कोविड से लड़ने का चार लाख लोगों को दिया संदेश

कंटेनमेंट जोन में भी जाकर लोगों को चिन्हांकित कर रहीं, अपने कर्तव्य में अग्रणी इन कोरोना वारियर्स को सलाम

■ **टीकाकरण के लिए भी लोगों को प्रेरित कर रहीं, हाथों में आक्सीमीटर लिये देख रही आक्सीजन का लेवल, इनकी वजह से चिन्हांकन हुआ तेज**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। केस 1- दुर्ग निगम में व्यापारिक संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किस तरह से लोगों के दिलों को जीत रही हैं। इसकी बानगी बीते दिनों दुर्ग निगम आयुक्त के साथ व्यापारिक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक में मिला। एक व्यापारिक संघ के प्रतिनिधि ने बताया कि वे गया नगर में रहते हैं। उनकी माँ 80 वर्ष की हैं। उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करने 60 वर्षीय दिव्यांग उषा कौशल आईं। अगले दिन वे टोकन लेकर आ गईं। जब मेरी माँ ने टोकन देखा तो माँ के आँखों में आँसू आ गए। माँ ने कहा कि ये खुद बुजुर्ग हैं और मेरी चिंता कर रही हैं।

केस 2- मोतीझरी चैहान वार्ड नंबर-4 की कार्यकर्ता हैं। यहाँ कंटेनमेंट जोन बना हुआ है। इसके सभी घरों का सर्वे इन्होंने किया। कार्य की प्रशंसा पार्षद ने भी की। अपने कर्तव्य के दौरान किसी तरह का भय मोतीझरी के मन में नहीं दिखा। बस यही संकल्प की एक अच्छा काम दिया गया है इसे पूरा करना है।

कोरोना फ्रंट पर अग्रणी भूमिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोरोना वारियर के रूप में निभा रही हैं। संकट का सामना करते हुए भी, कभी-कभी लोगों से सहयोग नहीं मिलने पर भी वे अपने कार्य में बखूबी लगी हुई हैं। नई पीढ़ी के पोषण की जिम्मेदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोविड संक्रमण को रोकने की दिशा में भी प्रभावी काम कर रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर यह कार्य हो रहा है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस संबंध में प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं। चाहे कंटेंनमेंट जो हो या हाटस्पाट, हर इलाके में ये कार्यकर्ता घूम घूम कर लोगों को कोरोना संकट के प्रति जागरूक कर रही हैं। इनके हाथों में आक्सीमीटर हैं। ये आक्सीमीटर के माध्यम से आक्सीजन की स्थिति जाँच करती हैं साथ ही कोरोना के लक्षणों के बारे में पूछताछ करती हैं। यदि ऐसा कुछ होता है तो तुरंत इसकी रिपोर्ट दे दी जाती है ताकि स्वास्थ्य विभाग का अमला इस संबंध में आगे कार्रवाई कर सके। जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए भी ये कार्यकर्ता अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटी। कई परिवारों ने सर्वे कार्यक्रम में उनकी मदद की, कई ने जानकारियाँ छिपाने की कोशिश भी की लेकिन इन्होंने अपने आग्रह से जानकारियाँ जुटाई जो स्वास्थ्य विभाग के लिए काफी उपयोगी रहीं। जिले में बड़ी संख्या में जो सैंपलिंग हो सकी, उसके पीछे इन महिलाओं का बड़ा योगदान है।

चार लाख लोगों तक पहुँची- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिले में चार लाख लोगों तक पहुँच चुकी हैं। इनका सबसे प्रमुख कार्य हाटस्पाट एवं कंटेनमेंट जोन में सर्वे करने का रहा है। यहाँ हर घर वे पहुँची, लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और इस आँकड़े से स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया। इससे कोरोना मरीजों के चिन्हांकन में काफी आसानी हुई। सर्वे के हिसाब से जिन इलाकों में काफी संख्या में कोरोना पाजिटिव मिलने की आशंका थी वहाँ मोबाइल टीम पहुँची और टेस्टिंग की। इसका प्रभावी नतीजा निकला, टेस्ट कर पाजिटिव मरीजों को आइसोलेट किया गया तथा डाक्टरों की सलाह पर अस्पताल अथवा होम आइसोलेशन के संबंध में निर्णय लिया।

कलेक्टर एवं जजों के बंगले में भी पहुँची- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी एरिया कवर कर रही हैं।

सीएम ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र में किया 'रोको अउ टोको' अभियान का शुभारंभ

कोरोना संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी देने 600 वालेंटियर जाएंगे घर-घर

लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाने और वैक्सीनेशन कराने के लिए करेंगे प्रेरित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास परिसर से 'रोको अउ टोको' अभियान का शुभारंभ किया। कोविड संक्रमण रोकने, शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने और लोगों में कोविड अनुरूप व्यवहार को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यूनिसेफ के साथ रायपुर जिला प्रशासन और समाज सेवी संगठन 'समर्थ' द्वारा संयुक्त रुप से प्रारंभ किए गए इस अभियान के तहत 600 वालेंटियर रायपुर नगर निगम के 70 वार्ड में झुग्गी बस्तियों, विभिन्न मोहल्लों और अपार्टमेंट में जाकर लोगों को सामाजिक दूरी का पालन करना, मास्क का उपयोग करने, हाथों की साफ सफाई का ध्यान रखने और वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अभियान में धर्म गुरुओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लिया जाएगा।

अभियान के 10 वाहनों को रायपुर भ्रमण के लिए किया रवाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'रोको अउ टोको' अभियान के तहत वालेंटियर घर-घर जाकर लोगों को बताएंगे कि कोरोना संक्रमण को कैसे रोकना है, जो मास्क नहीं लगाते हैं या कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन नहीं करते हैं उन्हें टोकेंगे और बचाव के उपायों का पालन करने और टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास प्रकट किया कि प्रदेशवासी इस अभियान को गंभीरता से लेंगे और कोविड अनुरूप आचरण को अपनाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। श्री बघेल ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने इस अभियान का थीम सांग लॉन्च किया तथा इस अभियान के तहत लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाने का संदेश पोस्टरों के माध्यम से देने वाले बैटरी चलित 10 वाहनों को झण्डी दिखाकर रायपुर नगर निगम के वार्डों के भ्रमण के लिए रवाना किया। यह अभियान तीन माह तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर रायपुर डॉ. एस. भारतीदासन, यूनिसेफ के छत्तीसगढ़ हेड श्री जोब जकारिया और श्री अभिषेक सिंह, समर्थ एनजीओ की सुश्री मनजीत कौर बल और डॉ. राकेश गुप्ता भी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने रायपुर मेडिकल कॉलेज में टीकाकरण व्यवस्था का जायजा लिया

रायपुर। कोविड-19 से बचाव का टीका लगवाने पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में टीकाकरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने टीकाकरण के लिए पहुंचे लोगों से चर्चा भी की। रायपुर के फाफाडीह से टीका लगवाने पहुंची 86 वर्षीया श्रीमती शारदा बेन ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे आज कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाने आई हैं। श्री बघेल ने उनके साथ ही कोरोना से बचाव के टीके का दूसरा डोज लगवाने आई श्रीमती कुसुम बाई नडंगे, श्रीमती भारती राठौर और श्रीमती उषा चावड़ा से चर्चा कर टीकाकरण का अनुभव जाना। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उन्हें और वहां टीकाकरण के लिए पहुंचे अन्य लोगों को टीकाकरण के बाद भी कोविड एप्रोप्रिएट बिहैविअर अपनाते हुए मास्क के उपयोग, शारीरिक दूरी और हैंड-हाइजिन का विशेष ध्यान रखने कहा। इस दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, महापौर श्री एजाज ढेबर, रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विष्णु दत्त, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विनीत जैन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल भी उपस्थित थीं।

लॉकडाउन से पहले बाजारों में उमड़ी भीड़, बढ़ेंगे मरीज

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 10 हजार 650 पहुंच चुका है। कलेक्टर द्वारा घोषत तिथि के अनुसार आज शाम 6 बजे से 10 दिवसीय लॉकडाउन लगेगा। लॉक डाउन 19 अप्रैल की सुबह 6 बजे टूटेगा। उक्त घोषणा के चलते कल और आज शहर में पूरा शहर खरीददारी के लिए शहर के प्रमुख बाजारों यथा शास्त्री बाजार गोल बाजार, सदर बाजार, तेलीबांधा, आमापारा, पुरानी बस्ती, गुढ़ियारी सहित आवाजाही के लिए सड़क पर अनेकों बार जाम की स्थिति देखी जा रही है। वहीं शहर के बाहरी पाश इलाकों में स्थित बाजारों में तीन से चार गुना अधिक मूल्य पर वहां के व्यापारी आवश्यक वस्तु बेच रहे हैं। ज्ञातव्य है कि तेरह अप्रेल से नवरात्रि एवं रमजान के रोजे भी शुरू हो रहे हैं। उक्त स्थिति के चलते श्रद्धालुओं को अधिक दाम चुका कर फलाहारी वस्तुओं को भी खरीदना पड़ रहा है। जबकि फल आदि के मूल्यों में वृद्धि देखी जा रही है। वहीं सप्तमी अष्टमी तिथि एवं रामनवमी की तैयारियां कोरोना संक्रमण के कारण फीकी हो गई है। नवरात्रि के दौरान मंदिरों के द्वार बंद रहेंगे। जिला प्रशासन के आदेशानुसार केवल मंदिर के पुजारी ही सुबह-शाम नवरात्रि के दौरान विधिवत पूजा करेंगे।

अवैध शराब के साथ 3 गिरफ्तार, दो बाईक एवं 106 पौव्वा देशी शराब जब्त

रायपुर। अवैध शराब के साथ एक्टीवा सवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 30 पौव्वा देशी मशाला शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर अवैध शराब लाते ग्राम जरौदा तर्रा मार्ग पर घेराबंदी कर एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 केजेड 8798 के चालक को रोककर तलाशी लेने पर डिक्की के अंदर एक थैला में 30 पौव्वा देशी अवैध मदिरा मशाला शराब अनुमानित कीमत 2700 रुपये बरामद किया। पकड़े गए आरोपी का नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम कन्हैया साहू 47 वर्ष पिता खेदु राम साहू निवासी ग्राम जरौदा बताया है। इसी तरह मंदिरहसौद थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मंदिरहसौद नकटी रोड किनारे 8 अप्रैल को दोपहर एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएस 8361 में सवार व्यक्ति को रोककर तलाशी के दौरान उसके पास से एक झोला में रखा 36 पौव्वा अवैध देशी शराब जब्त की है। नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम सुरेश यादव 45 वर्ष पिता बुधु यादव निवासी ग्राम पलौद मंदिरहसौद बताया है। तथा बस स्टैण्ड रावाभाटा मंदिरहसौद शराब भट्टी के पास एक व्यक्ति द्वारा झोला में भरकर शराब ले जाते पाए जाने पर रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से 40 पौव्वा देशी शराब अनुमानित कीमत 3600 रुपये जब्त की है।

तहसील कार्यालय आरंग के सहायक ग्रेड-3 प्रकाश भोई निलंबित

रायपुर। कलेक्टर रायपुर डॉ. एस. भारतीदासन ने तहसील कार्यालय आरंग के सहायक ग्रेड-3 श्री प्रकाश भोई जिला रायपुर को बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित रहने, सौंपे गए कार्यों के संपादन में लापरवाही बरतने एवं कार्यालय में शराब पीकर आने पर तत्काल प्रभाव से निलंबन किया है। उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर ने यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी आरंग द्वारा श्री प्रकाश भोई को जारी कारण बताओं नोटिस का जवाब समाधानकारक प्रतीत न होने तथा प्रथम दृष्ट्या उनका कृत्य शासकीय सेवा के प्रति धोरलापरवाही का द्योतक पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण, अपील) नियम 1966 के अधीन किया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरंग ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था कि उनके आचरण में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

शासन द्वारा जारी कोविड गाईड लाईन का अनिवार्य रूप से पालन करें

रायपुर। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि प्राथमिकता क्रम में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को वैक्सीन लगाई जा रही है, अतः वे सभी लोग वैक्सीन अनवार्य रूप से लगवाएं, घर से बाहर निकलने पर मॉस्क अवश्य लगाएं, दुकानों, बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, शासन द्वारा जारी कोविड गाईडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन करें एवं होम आईसोलेशन पर रहते हुए कोरोना पॉजिटिव के सदस्य होम आइसोलेशन नियमों का पालन करें और संक्रमण के प्रसार को रोकने एवं कोरोना को हराने में अपना सहयोग दें। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपील करते हुए कहा है कि वैश्विक महामारी कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ बढ़ रहा है, संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

लॉक डाउन के दौरान ऑन लाइन जमा कर सकेंगे बिजली बिल

मोर बिजली एप के जरिए देयकों का होगा भुगतान

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा लॉकडाउन के दौरान उपभोक्ताओं की सेवा.सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उपभोक्तागण लॉकडाउन के दौरान घर बैठे भी मोर बिजली ऐप के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान सहजता से कर सकेंगे। एद्धपि पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी का सैप सिस्टम अपग्रेडेशन के लिये आज शुक्रवार 9 अप्रैल की रात्रि 12 बजे के बाद से 16 अप्रैल शुक्रवार की सुबह 10 बजे शट डाउन रहेगा।। इससे उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते पावर कंपनी के ई आई टी सी ;एनर्जी इन्फोटेक सेंटरद्ध विभाग ने ऐसी व्यवस्था कर ली है कि उपभोक्तागण मोर बिजली एप के द्वारा बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे ।विदित हो कि पूर्व में सैफसिस्टम बंद होने के कारण यह सुविधा भी स्थगित करना पड़ रहा था किंतु इ आई टी सी की एक्सपर्ट टीम ने उपभोक्ताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए आनलाइनए मोर बिजली ऐप के माध्यम से बिल पटाने की सुविधा को बनाए रखने का निर्णय लिया है ।एनर्जी इंफोटेक सेन्टर के कार्यपालक निदेशक द्वारा इस संबध में आदेश जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता 'लोकवाणी' 11 अप्रैल रविवार को

नया बजट, नए लक्ष्य पर होगी केंद्रित

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता 'लोकवाणी' की 17 वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 11 अप्रैल रविवार को होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार - नया बजट, नए लक्ष्य विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियों और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

मुख्यमंत्री से अभिनेता आशुतोष राणा ने की सौजन्य मुलाकात

श्री राणा ने मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक रामराज्य की प्रति भेंट की

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में अभिनेता आशुतोष राणा ने सौजन्य मुलाकात की। श्री राणा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक 'रामराज्य' की प्रति भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि इस किताब में भगवान श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने आचरण में लाने पर बल दिया गया है। मुख्यमंत्री ने श्री आशुतोष राणा को 'रामराज्य' पुस्तक के लेखन पर बधाई दी।

राणा ने छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ के द्वारा भगवान श्री राम से जुड़े विभिन्न स्थलों को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की पहल पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि छत्तीसगढ़ का भगवान राम से गहरा नाता है। छत्तीसगढ़ न सिर्फ श्री राम का ननिहाल है बल्कि अपने वनवास काल के दौरान श्री राम ने काफी समय राज्य में बिताया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कोरिया जिले के सीतामढ़ी हरचौका से लेकर सुकमा जिले के रामाराम तक विभिन्न स्थलों को जोड़ते हुए राम वन गमन पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। श्री आशुतोष राणा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में श्री राम से जुड़े गौरव को जागृत किया रहा है, जो बहुत प्रशंसनीय है, इससे छत्तीसगढ़ देश के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में प्रमुखता से उभरेगा। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि छत्तीसगढ़ धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बहुत समृद्ध है, यहां पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक श्री वल्लभाचार्य की जन्मस्थली चम्पारण और माता शबरी से जुड़े शिवरीनारायण सहित अनेक स्थल ऐसे हैं जिन्हें विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। श्री राणा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि छत्तीसगढ़ के रामगढ़ में विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला भी है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री विनोद वर्मा, संचालक संस्कृति विभाग श्री विवेक आचार्य और राज्य योजना आयोग के सलाहकार श्री गौरव द्विवेदी उपस्थित थे।

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के बाद खाद महंगी कर किसानों पर मोदी सरकार का हमला : त्रिवेदी

रायपुर। खाद के दामों में बेतहाशा वृद्धि पर चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला ने संयुक्त बयान में मोदी सरकार से तत्काल खाद के दामों में बढ़ोत्तरी वापस लेने की मांग की है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने के कारण पहले ही किसानों की खेतों की जुताई, मताई, कटाई, मिसाई की लागत कई गुना बढ़ चुकी है। ऐसे समय खाद महंगी कर मोदी सरकार ने किसानों के लिये दूबर पर दू असाढ़ की उक्ति चरितार्थ कर दी है। फसलों के समर्थन मूल्य में मोदी सरकार अत्यल्प बढ़ोत्तरी करके पहले ही किसानों की अर्थव्यवस्था बिगाड़ने में लगी है। मोदी सरकार ने समर्थन मूल्य की व्यवस्था को भी किसान विरोधी 3 काले कानून लाकर उजाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। अब खाद के दाम बढ़ाकर भाजपा की केन्द्र सरकार किसानों को सड़क पर ला खड़ा करना चाहती है।

खाद की कीमतों में 58 प्रतिशत वृद्धि होने पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा है कि अनाज से सब्जियां तक महंगी होगी। 1 बोरी 50 किलो डीएपी की कीमत सन 2020 में 1200 रू. प्रति बोरी मिलती थी। सन 2010 में 467.50 रू. प्रति बोरी सुलभ मिलती थी। डीएपी की बोरी अब 1200 रू. की जगह 1900 रू. में मिलेगी। मोदी सरकार की यही जहर क्रांति योजना है। मोदी सरकार किसानों को बेहाल कर रही है।

ताला तोड़कर 2 नग मोटर पंप एवं 1 गैस सिलिण्डर चोरी

रायपुर। फार्म हाऊस के अंदर प्रवेश कर किसी ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखा 2 नग मोटर पंप एवं गैस सिीलिण्डर चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ापारा पुरानीबस्ती निवासी मनोहर त्रिवेदी 31 वर्ष ने गोबरानवापारा थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का चंपारन में मनोहर त्रिवेदी के नाम से फार्म हाऊस है। 4 से 8 अप्रैल के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने फार्म हाउस में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर 2 नग एचपी कंपनी का मोटर पंप सहित एक गैस सिलिण्डर चोरी कर लिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर ली है।

विवाह, अंत्येष्टि, दशगात्र इत्यादि में शामिल व्यक्तियों की संख्या 10 निर्धारित

पूर्व में प्रदाय की गई समस्त अनुमति निरस्त

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर ने रायपुर जिले के अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 9 अप्रेल की शाम 6 बजे से 19 अप्रेल की सुबह 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। इस आदेश की कुछ कंडिका में आंशिक संशोधन किया गया हैं।

उल्लेखनीय है कि विवाह इत्यादि प्रयोजन हेतु पूर्व में अधिकतम 50 व्यक्तियों के शामिल होने हेतु अनुमति प्रदान की गई थी। कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत विवाह इत्यादि प्रयोजन हेतु पूर्व में प्रदाय की गई समस्त अनुमतियों को निरस्त किया गया है। विवाह कार्यक्रम वर अथवा वधू के निवास-गृह में ही आयोजित करने की शर्त के साथ आयोजन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र, इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की गयी है।

आदेश के तहत यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में रेल, बस व हवाई यात्रा हेतु रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों को ई-पास की आवश्यकता नहीं होगी।

यात्रियों को निवास/स्टेशन तक आने-जाने हेतु उनके पास उपलब्ध यात्रा टिकट ही उनका ई-पास माना जावेगा।

बालको मेडिकल सेंटर ने रायपुर लेडीज सर्कल 90 और हेयर फॉर होप इंडिया के सहयोग से विग दान अभियान का किया आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत सरकार ने 11 अप्रैल को 2003 में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के रूप में घोषित किया और संयोग से, यह गुड डीड डे भी है। इस आगामी अवसर पर, हेयर होप इंडिया और रायपुर लेडीज सर्कल 90 के साथ मिलकर बालको मेडिकल सेंटर ने महिला कैंसर रोगियों के लिए विग दान अभियान का आयोजन किया। लगभग 50 महिला कैंसर रोगियों को उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए बालों की विग दी गई।

बालको मेडिकल सेंटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस. वेंकट कुमार ने कहा, ÷हम बालको मेडिकल सेंटर में कैंसर रोगियों का केवल शारीरिक इलाज ही नहीं करते बल्कि मानसिक स्वास्थ्य सहित समग्र कैंसर देखभाल प्रदान करते हैं और कैंसर के मनोवैज्ञानिक प्रभाव को भी कम करते हैं। हमें खुशी है की रायपुर लेडीज सर्किल 90 एवं जैसे गैर-लाभकारी संथाएं हमारे साथ जुड़ कर इन कैंसर रोगियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए बाद चढ़ कर प्रयास कर रही हैं। हम भविष्य में भी जरूरतमंद कैंसर रोगियों के लिए ऐसे विग डोनेशन ड्राइव्स करवाते रहेंगे।

अंकिता अग्रवाल, चेयरपर्सन रायपुर लेडीज सर्कल इंडिया, ने कहा, ÷हम सभी हीरो बनना चाहते हैं। आगे बढे एवं जरुरतमंदो के लिए एक विग दान करें। एक विग उन महिलाओं में जो कैंसर से पीड़ित है, फिर से पहले जैसा आत्मविश्वास ला सकता है। मैं हेयर फॉर होप इंडिया और महावीर हेयर सॉल्यूशंस का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने इस नेक काम के लिए मदद की।

बहुत सारी भारतीय महिलाएं कैंसर के इलाज के दौरान अपना आत्मविश्वास खो देती हैं जब वे अपने बाल खो देते हैं और उनका समाज के सामने आना मुश्किल हो जाता है। हमारे देश में जहाँ बालों की लंबाई एक महिला की सुंदरता का माप है, हेयर फॉर होप इंडिया बाल दान के बारे में जागरूकता पैदा करने वाला पहला राष्ट्रीय अभियान है! हम दान किए गए बालों को विग्स में बदलते हैं और कैंसर के रोगियों को बीमारी से लड़ने के लिए उन्हें ताकत देने के लिए इसे मुफ्त देते हैं। आज देश भर के एन जी ओ द्वारा हजारों विग दान किए गए हैं, जो हमारे साथ इस आंदोलन में शामिल हुए, प्रेमी मैथ्यू, संस्थापक, हेयर फॉर होप इंडिया ने कहा।

संपादकीय

कोरोना के खिलाफ जंग करना जरूरी

भारत में कोरोना की दूसरी लहर लगातार कहर बरपा रही है। महाराष्ट्र सहित देश के आधा दर्जन राज्यों में स्थिति भयावह होने लगी है। देश में अब प्रतिदिन एक लाख से अधिक नए कोरोना संक्रमितों के मिलने से चिंता बढ़ गई है। इस बबत् प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर सर्वाधिक कोरोना प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए विस्तृत चर्चा की और उन्होने ठीक ही कहा है कि कोरोना की पहली लहर के समय हमारे पास संसाधन सीमित थे और इस महामारी से निपटने का अनुभव भी नहीं था, इसके बावजूद कोरोना के खिलाफ जंग में हम सफल हुए थे। अब तो हमारे पास अनुभव भी है और संसाधन भी भरपूर है ऐसे में कोई कारण नहीं दिखता की हम कोरोना वायरस पर काबू न पा सकें। वास्तव में अब हमारे पास संसाधन हो गए है बस जरूरत इस बात की है कि हम उसका समुचित उपयोग करें। पीएम मोदी ने कुछ ही राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर के कहर के लिए वहां की राज्य सरकारों की लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया है। वास्तव में यह सही है कि कुछ राज्य की सरकारों ने कोरोना को गंभीरता से नहीं लिया और कोरोना की पहली लहर की गति धीमी पड़ने के बाद वे कूद कर इस नतीजे पर पहुंच गई कि अब कोरोना के खिलाफ जंग जीती जा रही है। नतीजतन उन राज्य सरकारों ने केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों के पालन में घोर लापरवाही की। नतीजतन इन राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर बेकाबू हो रही है और अब जगह जगह नाईट कर्फ्यू और लॉकडाउन की नौबत आ रही है जिससे आम लोगों की दिक्कते बढ़ गई है। लॉकडाउन की घोषणा होते ही उन क्षेत्रों में आवश्क वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबजारी परवान चढ़ रही है। इस बारे में भी पीएम मोदी ने ठीक ही कहा है कि अब लॉकडाउन समस्या का समाधान नहीं है इसके बदले दिशा निर्देशों का कड़ाई पूर्वक पालन कराना जरूरी है। तभी इस संकट से निपटा जा सकेगा। दरअसल आज जरूरत इस बात की है कि महाराष्ट्र सहित जिन आधा दर्जन राज्यों में कोरोना की दूसरी लहर बेकाबू हो रही है वहां की राज्य सरकारें कोरोना के खिलाफ जंग तेज करें और दिशा निर्देशों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों की टेस्टिंग हो और टीकाकरण की गति भी तेज की जाए तभी हम कोरोना के खिलाफ जंग जीतने में कामयाब हो पाएंगे।

विचार

दूर होगा टैंकर का टेंशन

स्लम में रहने वाली श्यामा बाई अब खुश है। उसे टेंशन भी नहीं है। दरअसल उसकी खुशी की वजह यह है, कि इस गर्मी उसे पीने के पानी के लिए दौड़-भाग नहीं करनी पड़ेगी। मुहल्ले में उसके घर तक नल का कनेक्शन भी आ पहुंचा है। वृद्धा श्यामा बाई बीते दिनों की परेशानी को नहीं भूली। उसे भलीभांति याद है, कि टैंकर की आहट से ही घर में आपा-धापी सी मच जाती थी। पानी एकत्र करने का जो भी बर्तन हाथ में आता था उसे बाहर लेकर दौड़ पड़ती थी। पाइप को टैंकर में डालने और अधिक से अधिक पानी भरने के लिए जाने क्या से क्या नहीं करना पड़ता था। पीने के लिए पानी हो या फिर घर में अन्य किसी काम के लिए उसे टैंकर पर ही निर्भर रहना पड़ता था। अब श्यामा बाई की टेंशन दूर हो गई है। उसके घर में नल का कनेक्शन भी लग गया है।

पानी के टैंकरों के आने की आहट के साथ टेंशन मोल लेने वाली श्यामा बाई ही नहीं, शहर के झुग्गी सहित पॉश इलाकों में रहने वाले ऐसे अनेक परिवार है, जिनकी समस्या दूर हो गई है और जो बचे है उनकी भी समस्या जल्दी ही पूरी तरह से दूर हो जाएगी। आने वाले कुछ दिनों में पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना और टैंकर आने के साथ ही बर्तन लेकर बाहर दौड़ लगाना भी नहीं पड़ेगा। शासन द्वारा टैंकरों पर आश्रित ऐसे गली मुहल्लों के घरों को नल कनेक्शन देने के साथ टैंकर मुक्त करने की पहल की जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जल आवर्धन योजना के अधूरे कार्य को पूरा किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा टैंकर मुक्ति के साथ पानी की उपलब्धता के लिए 220 करोड़ रुपए का प्रावधान भी रखा गया है। अब तक प्रदेश के 120 निकाय टैंकर मुक्त भी हो गए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया द्वारा सभी निकायों को टैंकर मुक्त करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा अब तक 14 नगर निगमों में से 4 निगमों, 43 नगर पालिकाओं में से 23 नगर पालिकाओं को और 109 नगर पंचायतों में से 93 नगर पंचायतों को टैंकर मुक्त कर लिया गया है। बचे हुए 46 निकायों में योजनाएं स्वीकृत कर जल आवर्धन के कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। योजना के पूर्ण होते ही ये निकाय भी अपने क्षेत्र में आसानी से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकेंगे। जल है तो जीवन है। जल है तो कल है। पानी की बचत कीजिए। पानी को बर्बाद होने से रोकिए। इन छोटे-छोटे शब्दों और वाक्यों में एक ओर जहाँ पानी का महत्ता का संदेश छिपा है, वहीं यह शब्द सभी की जरूरतों से भी जुड़ा है। लोगों की इन्हीं जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य लेकर छत्तीसगढ़ की सरकार सबके घरों को नल कनेक्शन देने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। अभी तक 1.42 लाख परिवारों को नल का कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। सतही जल स्त्रोत आधारित योजनाओं में प्रत्येक व्यक्ति को 135 लीटर प्रतिदिन और नलकूप स्त्रोत आधारित योजनाओं में 70 लीटर प्रतिदिन के मान से गणना कर योजना तैयार की गई है।

- **कमलज्योति (सहायक जनसंपर्क अधिकारी)**

विश्व होम्योपैथी दिवस पर विशेष

सस्ती कीमत पर चमत्कार करती है होम्योपैथी

योगेश कुमार गोयल

> होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि बहुत सारी होम्योपैथी दवाओं का असर रोगी पर कुछ धीमी गति से होता है जबकि एलोपैथी दवाएं रोगी पर तुरंत असर दिखाती हैं, इसीलिए हाम्योपैथी भले ही एलोपैथी जितनी लोकप्रिय नहीं है लेकिन दुनियाभर में यह उपचार के सबसे लोकप्रिय वैकल्पिक रूप में मौजूद हैं। दरअसल होम्योपैथिक उपचार सबसे सरल उपचार है, जो शरीर को अधिक प्राकृतिक उपचार प्रक्रिया की अनुमति देता है। होम्योपैथी दवाएं चिकित्सा का एक सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प प्रदान करती हैं, जो बिना किसी दुष्प्रभाव अथवा दवा के परस्पर क्रिया का कारण बनता है। सही मायनों में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति सस्ती कीमत पर चमत्कार करती है। होम्योपैथिक दवाएं कम लागत वाली बेहद प्रभावी और रूचिकर होती हैं।

'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को दुनियाभर में 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। डा. हैनीमैन जर्मनी के विख्यात डॉक्टर थे, जिनका जन्म 10 अप्रैल 1755 को और निधन 2 जुलाई 1843 को हुआ था। डा. हैनीमैन चिकित्सक होने के साथ-साथ एक महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक भी थे, जिनके पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है।

विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 266वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों

में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

एलोपैथ, आयुर्वेद तथा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों की भांति होम्योपैथी की भी कुछ अलग ही विशेषताएं हैं और इन्हीं विशेषताओं के कारण आज होम्योपैथी विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी दवाएं प्रत्येक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ये दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं। विभिन्न शोधों के अनुसार कार्डियोवैस्कुलर बीमारी की रोकथाम, मैमोरी पावर बढ़ाने, उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने तथा ऐसी ही कुछ अन्य बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं अन्य दवाओं की तुलना में ज्यादा कारगर होती हैं। होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है।

भारत में होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद अधिनियम, 1973 के तहत होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली एक मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्रणाली है, जिसे दवाओं की राष्ट्रीय प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान संगठन है, जो होम्योपैथी में समन्वय, विकास, प्रसार और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देता है। 30 मार्च 1978 को इसका गठन आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन के रूप में किया गया था। सीसीआरएच अनुसंधान कार्यक्रम और परियोजनाएं बनाती तथा चलाती है और होम्योपैथी के मौलिक एवं अनुप्रयुक्त पहलुओं में साक्ष्य आधारित अनुसंधान करने के लिए राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्ट संस्थानों के साथ सहयोग करती है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम् शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है। इस पद्धति में रोगियों का उपचार समग्र दृष्टिकोण के अलावा रोगी की व्यक्तिवादी विशेषताओं को अच्छी प्रकार से समझकर किया जाता है।

डरावनी है कोरोना की दूसरी लहर

आशीष वशिष्ठ

> बीते एक महीने में जिस तरह से संक्रमण ने सुरसा जैसा मुंह फैलाया उसके बावजूद लॉक डाउन लगाने के फैसले को प्रदेश और स्थानीय प्रशासन के जिम्मे छोडने पर केंद्र सरकार से पूछा जा रहा है कि जब संक्रमितों का दैनिक आंकड़ा सवा लाख से भी अधिक हो चुका है जिसमें आगे भी वृद्धि की पूरी सम्भावना है तब भी वह इस बारे में उदासीन क्यों है? जानकारों के अनुसार, जिस कारण से केंद्र सरकार देश भर में लॉक डाउन लगाने से पीछे हट रही है वह है अर्थव्यवस्था। बीते वर्ष अनेक महीनों तक अधिकांश उद्योग-व्यापार बंद पड़े रहने से अर्थव्यवस्था के चिंताजनक स्थिति में आने से विकास दर नकारात्मक दिशा में बढ़ गई। दिवाली के समय लॉक डाउन हटने पर आर्थिक गतिविधियों ने दोबारा गति पकड़ी जिसका असर जीएसटी संग्रह में लगातार हुई वृद्धि के रूप में सामने आया। इसीलिये प्रदेश सरकारें नयी लहर पर काबू पाने के लिए नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन का सहारा ले रही हैं।

देश में कोरोना वायरस की मौजूदा लहर ज्यादा तीव्र और घातक साबित हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अभी संक्रमण और फैलेगा और मृत्यु-दर भी बढ़ेगी। नीति आयोग के सदस्य एवं कोरोना टास्क फोर्स के प्रमुख डा. विनोद पॉल ने चेताया है कि आगामी चार सप्ताह बेहद नाजुक हैं। हमारे देश में जहां इतनी अधिक आबादी है, वहां स्थिति नियंत्रण में थी, तो यह कैसे अनियंत्रित हो गई, यह सोचने वाली बात है। हम इस मामले में अन्य देशों की तुलना में बहुत अच्छी स्थिति में थे। यह हमारी लापरवाही का परिणाम है कि यहां कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं और जीवन प्रभावित हो रहा है।

पहली लहर का पीक 17 सितंबर को था, जब करीब 97 हजार केस सामने आए थे। उसके मुकाबले दूसरी लहर में 8 अप्रैल को 1 लाख 31 हजार 878 नए केस सामने आए हैं। पिछले साल वायरस के शुरू होने से लेकर अब तक एक दिन के अंदर मिले मरीजों की ये संख्या सबसे अधिक है। मौतें भी 802 हो गई हैं। बीते वर्ष 17 अक्टूबर के बाद ये पहली बार है जब एक दिन के अंदर 800 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 17 अक्टूबर को 1032 मरीजों ने जान गंवा दी थी। कुल सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 8 लाख को पार कर चुका है। देश में मरीजों के मिलने की रफ्तार भी बढ़कर 9.21 फीसदी हो गई है। मतलब अब हर 100 लोग में 9 कोरोना से संक्रमित पाए जा रहे हैं। यह औसत राजधानी दिल्ली में भी 5.5 फीसदी के पार जा चुका है। नए केसेज को लेकर जो स्टडी हुई है, उसके अनुसार बदलते स्ट्रेन की वजह से लक्षण भी बदल रहे हैं।

शुरू में लग रहा था कि महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में ही उसका असर रहेगा लेकिन देखते-देखते पूरा देश उसकी गिरफ्त में आ गया। इस बार उसकी गति बहुत तेज होने से चिकित्सा प्रबंध कम पडने लगे हैं। कहीं वेंटीलेटर की कमी है तो कहीं ऑक्सीजन की। अस्पतालों में बिस्तरों का अभाव होने से मरीजों को घर पर रहकर इलाज करने की सलाह दी जा रही है। गम्भीर मरीजों को लगाये जाने वाले रेमडेसिवर इंजेक्शन की उपलब्धता भी पर्याप्त नहीं है। ये कहने में कुछ भी गलत नहीं है कि जिस तरह सरकार कोरोना की वापिसी को लेकर निश्चिन्त हो चली थी उसी तरह चिकित्सा जगत भी उसके पलटवार को लेकर बेफिक्र सा था। आम जनता की लापरवाही तो हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाती ही है। ऐसे में कोरोना को भी तेजी से पांव फैलाने का अवसर मिल गया।

बीते 16 जनवरी को हेल्थकेयर वर्कर्स को टीका लगाने के साथ ही देश में कोरोना टीकाकरण की शुरुआत हुई थी। 2 फरवरी से फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी वैक्सीन लगने लगी थी। 1 मार्च 60 वर्ष से ऊपर के और 45-59 वर्ष के गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को वैक्सीन लगने लगी थी। इस बीच, कोरोना की दूसरी लहर हावी हुई और सरकार ने 1 अप्रैल से 45 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को वैक्सीनेशन में शामिल कर लिया। देशभर में अब तक 8.24 करोड़ लोगों को पहला डोज और 1.18 करोड़ लोगों को दूसरा डोज दिया जा चुका है। इन्हें मिलाकर अब तक 9.43 करोड़ डोज दिए जा चुके हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान के बाद सबसे ज्यादा वैक्सीन डोज गुजरात में दिए गए हैं। यहां अब तक 84 लाख से ज्यादा डोज दिए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में भी 81 लाख से ज्यादा डोज दिए गए हैं। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से अगले 2-3 हफ्ते में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए युद्धस्तर पर काम करने की अपील की है। पीएम ने 11 से 14 अप्रैल तक देश में वैक्सीन महोत्सव मनाने का भी आह्वान किया ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को टीका लग सके।

वस्तुतः जैसे ही टीकाकरण शुरू हुआ वैसे ही आम जनता में ये अवधारणा प्रबल हो उठी कि उनके पास कोरोना से बचाव का रक्षा कवच आ गया है। लेकिन अभी तक जितने लोगों को टीके लगे हैं उस गति से तो ये काम पूरा होने में लंबा समय लगेगा। ऐसे में जो सामान्य तरीके हैं वे ही बचाव में सहायक होंगे जिनकी उपेक्षा करने का दुष्परिणाम देश भोग रहा है। टीका लगने के बाद भी अनेक लोगों को लापरवाही महंगी पड़ी है। लेकिन जनता को कसूरवार ठहराने मात्र से काम नहीं चलेगा क्योंकि राजनीति भी उसे लापरवाह बनाने में सहायक है। मसलन राजनीतिक जलसों में कोरोना शिष्टाचार की जिस बेहयाई और दबंगी से धज्जियां उड़ाई जाती हैं वह भी संक्रमण के फैलाव की बड़ी वजह है। चुनाव वाले राज्यों में तो लगता ही नहीं कि कोरोना का कोई डर है। दिल्ली उच्च न्यायालय पूछ रहा है कि प्रचार करने वाले नेता मास्क क्यों नहीं लगा रहे ? राजनीति का आलम ये है कि प्रधानमन्त्री द्वारा कोरोना पर विचार करने बुलाई गई आभासी बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी हिस्सा नहीं लेंगीं। पहले भी ऐसा हो चुका है। हाल ही में पंजाब सहित कुछ राज्यों में राजनीतिक जलसों पर भी रोक लगाई गयी है। 2 मई को पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद आगामी वर्ष के मुकाबलों के लिए मैदान सजने लगेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हुआ दुश्वार जीना

हुआ दुश्वार जीना आदमीं का कोई जरिया नहीं आमनदनी का ऐ साहब वादा इक तो पूरा करदो सभी से जो किया था नौकरी का हैं हिंदू सिक्ख मुसलिम और इसाई नहीं नामों निशां अब आदमी का सभी तकलीफें गम क्यूं इनको मिलती बिगाड़ा क्या गरीबों ने किसी का खुदा तकलीफमें उस वक़्त होगा लिखा था जब मुकद्दर मुफलिसी का लुटाई प्यार की दौलत सभी पर न कोई हो सका फिर भी लकी का। - **लक्ष्मी माहोर**

इश्क में यह निसाब

इश्क में यह निसाब क्या है फ़क़ीर क्या है नवाब क्या है यह बिन सिखाये हुआ है इसमें सवाल क्या है जवाब क्या है वफा की मंजिल के राहियों से मसाफ्तों का हिसाब क्या है यह जर्द चेहरा ,ये ग़र्क़ आँखें यह जगती आंखों में ख़्वाब क्या है बिछड़ के तुमसे भी जी रहे हैं इससे बढ़ कर अज़ाब क्या है।

- **अनु मित्तल**

ख़ास पाती

वो कुहांसों की धुंध में ओझल

वो कुहांसों की धुंध में ओझल होके , मुहब्बत की किरन ,कहीं.. दूर न निकल जाए ! आप लफ्जों में छुपे , अर्थ ढूँढ़ते ही रहो , कोई बदली साँझ की आँखों से पिघल जाए ! सजा सकती है स्वप्न ,पतझड़ की आँखों में , गुल की खुशबू बनके ,महकती जो शाखों में , दिल को छू लेती है वो जादू भरी सिहरन - उल्फत की खुशबू न कहीं ,चमन से ढ़ल जाए ! प्रेम की मधु -भाषा है , जिसके अफसानों की , स्वप्न -गंधा की महक सी घुली ज़िसकी बातों में , आस के असंख्य दीपक जो लिए है हाथों में , गीत में प्रीत वाली शबनम न कहीं जल जाएं ! - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**



काल महाकाल के पास जीतकर

काल महाकाल के पास जीतकर हार गया मैं हारकर भी जीत गया फिर भी आज मैं इस जीवन को पा गया चाहकर भी आज अपने पराये से हो गये हैं पिता पुत्र को न पाया पुत्र बेगाना हो गया जीतकर हार गया मैं हारकर भी जीत गया चक्र काल का जो चला हर जीव स्व पे पला ना अपने हैं ना स्वयं है स्व को ही हार गया मैं जीतकर हार गया मैं हारकर भी जीत गया मान छूटा सम्मान छूटा स्व का अभिमान छूटा मान लिया इस काल को मैं ही मुझसे नहीं आज मुझसे आज मैं ही गया जीतकर हार गया मैं हारकर भी जीत गया। - **ललित उपाध्याय**

हर उमर के जोश निराला कभू

हर उमर के जोश निराला कभू खेलौना कभू भाला मयारु बर चूरी-फुंदरी त मोक्ष बर मिरगा-छाला जइसे-जइसे उमर बढथे मन के लोभ घलो बदलथे इही ल तो संगी गुनिक मन जीवन के गति कहिथे। - **कवि सुशील भोले**

गर्लफ्रेंड्स हैं नही तो किससे

गर्लफ्रेंड्स हैं नही तो किससे छिपाते , लो देखिए हमें वैक्सीन को लगवाते । यूँ कशमकश ,जद्दोजहद कम नही रही उम्र को छिपाते या खुद को बचाते । सुई की चुभन और बुख़ार की दुखन , कोई और परेशानी नही ये हम बताते। नीरज विपिन राजू राजीव हम ही साथ थे , बस हम ही रहे एक दूसरे को समझाते । मास्क सेनिटाइजर दूरी वैक्सीन इलाज है, इनका पालन कर परिवार को हैं बचाते। - **सुधीर वत्स**

इक तो तू नहीं साथ मेरे

इक तो तू नहीं साथ मेरे, उस पर सताए ये तन्हाई नहीं भाते हमें अब चाँद सितारे, न ही भाए जुन्हाई आ जा सनम थकी बिरहन,पलकें बिछाए राह में बस तेरे संग लुभाती है मुझे कुदरत की ये रानाई। - **निलोफर नीलू**

जो नहीं मिला बस वही बचा रह

जो नहीं मिला बस वही बचा रह जाता है अंत्येष्टि के बाद जो जीवन भर मिला वो सारा स्याह हो जाता है। हम अस्थियों को जीवन भर क्यों ढोते हैं? कम का भार इतना क्यूं होता है? जो है नहीं उसका दुख हमारे हिस्से कौन लिखता है ? हम मिले को ना मिले से कम क्यूँ आँकते हैं? क्या हम जले हुए लोग हैं।

- **कल्पना पाण्डेय**

माता तुमको रात दिन नत हो

माता तुमको रात दिन, नत हो करूँ प्रणाम चरण -शरण विनती करूँ हर पल आठों याम हर पल आठो याम तुम्हारे ही गुण गाऊँ करो कृपा हे मात सदा तुमको ही ध्याऊँ कहे लता कर जोड़ , कभी ना छूटे नाता सदा रहो तुम साथ , हमारी प्यारी माता। - **चंद्रलता यादव**

QUIZ TIME

1) प्रति चार वर्षों में आयोजित होने वाला कौन-सा खेल-समारोह सर्वप्रथम 1924 में चैमोनिक्स, फ्रांस में प्रारंभ हुआ?
2) वर्गीकरण की डेवी दशमलव प्रणाली का प्रयोग कहां होता है?
3) किस केंद्र-शासित प्रदेश की राजधानी का शाब्दिक अर्थ पुर्तगाली में 'लकड़ी' या 'वन' होता है?
4) 1565 में निर्मित भारत का प्रचीनतम सिनॅगॉग किस नगर में देखने को मिलता है?
5) किस पौधे की सुवास का नाम 'लघु बीज' वाची स्पेनिश शब्द से निकला है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विंटर ओलंपिक्स (2) पुस्तकालय (3) सिलवासा (4) कोचीन (5) वनीला

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1710 - पहला कानून विनियमन कॉपीराइट ग्रेट ब्रिटेन में जारी किया गया। 1741 - ऑस्ट्रियाई उत्तराधिकार के युद्धः पर्शिया ने ऑस्ट्रिया को मोल्विट्ज़ की लड़ाई में हराया। 1790 - अमेरिका ने पेटेंट प्रणाली की स्थापना की। 1802 - भारत का महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण, मद्रास के पास एक बेसलाइन के माप के साथ शुरू हुआ। 1814 - ड्यूक ऑफ वेलिंगटन ने टूलूज़ की लड़ाई जीती। 1816 - अमेरिका की संघीय सरकार ने वहां दूसरे बैंक की स्थापना को मंजूरी दी। 1821 - कॉस्टैंटिनोपल के कुलपति ग्रेगरी वी को तुरुप द्वारा पुतिष के मुख्य द्वार से फांसी दी गयी और उसके शरीर को बोस्फोरस में फेंक दिया गया। 1825 - हवाई में पहला होटल खोला गया। 1827 - जॉर्ज कैनन को लॉर्ड लिवरपूल के स्थान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप चुना गया। 1866 - हेनरी बेर्घ ने न्यूयॉर्क शहर में पशु क्रूरता निवारण के लिए अमेरिकन सोसायटी की स्थापना की। 1868 - इथियोपिया में ब्रिटिश और भारतीय सेना ने टेवॉड्रोज़ द्वितीय की सेना को हराया और इस युद्ध में 700 इथियोपियन मारे गये, जबकि सिर्फ़ दो ब्रिटिश-भारतीय सैनिक शहीद हुए। 1869 - कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या 7 से 9 की। 1874 - 14 वें ब्रिटिश गोल्फ ओपनः मुंगे पार्क ने मुससेलबर्ग लिंक पर 159 को गोली मारी। 1875 - स्वामी दयानंद सरस्वती ने मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की। 1889 - राम चंद्र चटर्जी गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बने। 1925 - फ्रेंच प्रधानमंत्री एडॉर्ड हेरिएट ने इस्तीफा दिया।

जाह्नवी दोस्तों के साथ कर रहीं मालदीव में मस्ती

मुंबई। बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों मालदीव में मस्ती कर रही हैं। जाह्नवी ने हाल फिलहाल में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिन्हें फैन्स ने काफी पसंद किया है। इस बीच जाह्नवी के कुछ और नए फोटोज सामने आए हैं, जिनमें वो अपनी गर्ल गैंग के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल जाह्नवी कपूर लेटेस्ट फोटोज में अपनी तीन और दोस्तों के साथ नजर आ रही हैं। एक फोटो में जहां चारों समंदर को निहारते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी फोटो में चारों मिलकर अपनी उंगलियों से स्न्श्च लिखने की कोशिश कर रहे हैं। इस बात का जिक्र जाह्नवी ने कैप्शन में भी किया है।

याद दिला दें कि इससे पहले हाल ही में जाह्नवी ने मोनोकनी पहने तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं, जो देखते ही देखते वायरल हो गई थीं। क्यूट से जाह्नवी का ये बोल्ड अंदाज फैन्स को काफी भा रहा था।

73 वर्ष की हुई जया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जया बच्चन आज 73 वर्ष की हो गयी। जया भादुड़ी (जया बच्चन) का जन्म 09 अप्रैल 1948 को बंगाली परिवार में हुआ था । उनके पिता तरुण भादुड़ी पत्रकार थे। जया भादुड़ी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफकानवेंट से पूरी की । इसके बाद उन्होंने पुणा फिल्म इंस्टीच्यूट में दाखिला ले लिया । सत्तर के दशक में अभिनेत्री बनने का सपना लेकर जया भादुड़ी ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख दिया । जया भादुड़ी ने अपने सिने करियर की शुरुआत 15 वर्ष की उम्र में महान निर्माता-निर्देशक सत्यजीत रे की बंग्ला फिल्म महानगर से की। इसके बाद उन्होंने एक बंग्ला कामेडी फिल्म धन्नी मेये में भी काम किया जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। जया भादुड़ी को प्रारंभिक सफलता दिलाने में निर्माता-निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्मों का बड़ा योगदान रहा। उन्हें पहला बड़ा ब्रेक उनकी ही वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म गुड्डी से मिला। इस फिल्म में जया भादुड़ी ने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई जो फिल्में देखने की काफी शौकीन है और अभिनेता धमेन्द्र से प्यार करती है ।अपने इस किरदार को जया भादुड़ी ने इतने चुलबुले तरीके से निभाया कि दर्शक उस भूमिका को आज भी भूल नही पाये हैं।

वर्ष 1972 में जया भादुड़ी को ऋषिकेष मुखर्जी की ही फिल्म कोशिश में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने कैरियर के लिये मील का पत्थर साबित हुयी। इस फिल्म की सफलता के बाद वह शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंचीं। वह इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित भी की गयी। फिल्म कोशिश में जया भादुड़ी ने गूंगे की भूमिका निभायी जो किसी भी अभिनेत्री के लिये बहुत बड़ी चुनौती थी ।बगैर संवाद बोले सिर्फ आंखो और चेहरे के भाव से दर्शको को सब कुछ बता देना जया भादुड़ी की अभिनय प्रतिभा का ऐसा उदाहरण था जिसे शायद ही कोई अभिनेत्री दोहरा पाये। कोशिश की सफलता के बाद ऋषिकेश मुखर्जी जया भादुड़ी के पसंदीदा निर्देशक बन गये। बाद में जया भादुड़ी ने उनके निर्देशन में बावर्ची, अभिमान, चुपके-चुपके और मिली जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखाया। वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्म एक नजर के निर्माण के दौरान जया भादुड़ी का झुकाव फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन की ओर हो गया ।

एक्ट्रेस चैत्रा कोटूर ने की आत्महत्या की कोशिश

नई दिल्ली। बिग बॉस कन्नड़ की एक्स-कंटेस्टेंट चैत्रा कोटूर ने 8 अप्रैल (गुरुवार को) फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चैत्रा उस वक्त अपने कोलार स्थित घर पर थीं। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वह बिग बॉस कन्नड़ के सीजन 7 का हिस्सा रह चुकी हैं। चैत्रा की हालत अब ठीक है। बताया जा रहा है कि उन्होंने ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

खबरों के मुताबिक चैत्रा ने बीते महीने बिजनसमैन नागार्जुन से शादी की थी। उनकी मंदिर में शादी की तस्वीर भी वायरल हुई थी। द्बहस् की रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुलिस अफसर ने बताया कि चैत्रा नागार्जुन के साथ कई साल से रिलेशनशिप में थीं। रिपोर्ट्स हैं कि नागार्जुन के घरवाले इस शादी के लिए राजी नहीं हैं और उन्होंने चैत्रा को घर में नहीं आने दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चैत्रा ने अपने बयान में बताया है कि नागार्जुन के घरवालों ने उनको भला-बुरा कहा था साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी।

सीएसके ने हेजलवुड की जगह जेसन बेहरेनडोर्फ को किया साइन

मुंबई (वार्ता)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह पर उनके हमवतन तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ को आईपीएल 2021 के लिए साइन किया है। सीएसके आगामी 10 अप्रैल को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले से अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत करेगी।

आईपीएल 2019 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए अपना आईपीएल पदार्पण करने वाले बेहरेनडोर्फ ने ऑस्ट्रेलिया की तरफसे 11 वनडे और सात टी-20 मैच खेले हैं, जबकि मुंबई के लिए खेले पांच आईपीएल मुकाबलों में उन्होंने काफी विकेट लिए थे।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोश फिलिप और मिचेल मार्श के बाद जोश हेजलवुड ने भी गत माह यह कहते हुए आईपीएल से किनारा कर लिया था कि वह आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सत्र के लिए खुद को मानसिक और शारीरिक तौर पर बेहतर तरीके से तैयार करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते हैं।

बर्थडे केक काटते-काटते रोने लगीं स्वरा भास्कर

नई दिल्ली। स्वरा भास्कर का आज (9 अप्रैल) को बर्थडे है। उनके फैन्स और फ्रेंड्स उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह केक काटती नजर आ रही हैं। उनके बर्थडे से पहले उनकी फैमिली ने उन्हें सरप्राइज दिया था। स्वरा इस दौरान काफी इमोशनल हो गईं और रोने लगीं। स्वरा भास्कर ने वीडियो शेयर करके लिखा है, मेरे पेरेंट्स और साथ काम करने वालों ने मेरी बर्थडे ईवनिंग पर सेलिब्रेशन रखा था, यह अडवांस में था तो मैं सरप्राइज्ड रह गई। मैं सच में सरप्राइज्ड थी। मैं दुनिया की सबसे लकी इंसान हूं जिसे ऐसे पेरेंट्स परिवार और ये दोस्त मिले। स्वरा के बर्थडे पर सोनम कपूर ने भी पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है, प्यारी बहन, हमने बस 1 दिन बात की और ऐसा लगा कि दोस्ती भगवान की बनाई ही है। साक्षी, बिंदिया और चंद्रिका... जो भी रोल तुमने निभाया, उनमें से मेरा फेवरिट वो रहेगा जो तुम ऑफ-स्क्रीन हो। वक्त के साथ तुम्हारी आवाज और बुलंद हो।

ऑल्ट बालाजी की 'हिज स्टोरी' पर लगा पोस्टर चोरी का आरोप

मुंबई। कुछ देर पहले ही ऑल्ट बालाजी की नई सीरीज 'हिज स्टोरी' का पोस्टर रिलीज हुआ है। इस पोस्टर को एक ओर जहां सोशल मीडिया यूजर्स पसंद कर रहे हैं तो वहीं इस पोस्टर पर डिजाइन चोरी करने का भी आरोप लग गया है। 'हिज स्टोरी' के पोस्टर की तुलना 2015 में रिलीज हुई फिल्म स्न्श्वङ्क के पोस्टर से हो रही है। वहीं खास बात ये है कि फिल्म LOEV और हिज स्टोरी, दोनों ही सेम सेक्स रिलेशनशिप पर आधारित हैं।

आर्ट डायरेक्टर और फिल्म मार्केटिंग स्ट्रेटजिस्ट जहान बक्शी ने ट्विटर पर लिखा, ' भाई ऑल्ट बालाजी, आप ठीक हो? मेरा मतलब अगर आपको पोस्टर डिजाइन के लिए कोई चाहिए तो मैं मदद कर सकता हूं, मैं वादा करता हूं कि मैं पैसे भी बहुत अधिक नहीं लूंगा। फिल्म स्न्श्वङ्क का ये पोस्टर 'टॉक पिजन को.' द्वारा बनाया और रोहन द्वारा इलस्ट्रेट किया गया था। हमने इस पर महीनों बिताए थे। काफी पैसा और टाइम भी खर्च किया था। लेकिन इसके बाद भी एक बड़ा स्टूडियो जो कुछ नया कर सकता है, उसने इसे चोरी कर लिया, दुखद।'

एचडीएफसी बैंक ने सोशल सेक्टर के 21 स्टार्ट-अप्स को स्मार्टअप ग्रांट प्रदान कीं

मुंबई। आज एचडीएफसी बैंक ने स्मार्टअप ग्रांट्स 2021 के अपने चौथे एडिशन के विजेताओं की घोषणा की। पूरे देश से इसके लिए 300 आवेदन प्राप्त हुए थे और एक कठोर जाँच प्रक्रिया द्वारा सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले 21 स्टार्टअप्स को इसके लिए चुना गया। इन ग्रांट्स का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अद्वितीय समाधान प्रदान कर उनका विकास करना है, ताकि समाज एवं पर्यावरण के अनुकूल परिवर्तन लाया जा सके। ये ग्रांट 'परिवर्तन' के अधीन दी गई हैं, जो बैंक के सामाजिक अभियानों के लिए अम्ब्रेला कार्यक्रम है।

बैंक ने स्मार्टअप ग्रांट्स का गठन 2017 में किया और पिछले 4 सालों में यह भारत के विभिन्न शहरों से 87 स्टार्टअप्स को सहयोग दे चुका है। शिक्षा प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास के क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप्स को प्राथमिकता दी गई। विजेताओं का चयन एवं उनकी मेंटरिंग के लिए, बैंक ने नौ इन्क्यूबेटर्स, जैसे आईआईटी दिल्ली, एआईसी-बिमटेक, आईआईएम काशीपुर, आईआईट बीएचयू, बनस्थली यूनिवर्सिटी, सी-कैंप, जीयूसेक, टी-हब एवं विलग्रो के साथ साझेदारी की। पिछले चार सालों में बैंक 19.4 करोड़ रु. की ग्रांट वितरित कर चुका है।

इस साल महामारी के प्रोटोकॉल्स का पालन करते हुए, स्क्रीनिंग ऑनलाईन की गई। स्टार्टअप्स ने अपना मामला वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर रखा। स्टार्टअप्स के मूल्यांकन के सबसे महत्वपूर्ण मानदंड उनके द्वारा निम्नलिखित मानकों पर उत्पन्न संभावित प्रभाव थे।

मामले बढ़ने से कोरोना बीमा की मांग बड़े पैमाने पर बढ़ी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोविड-19 के मामलों में भयंकर तेजी के साथ ही इससे जुड़े बीमा की मांग में भी जबरदस्त तेजी दर्ज की जा रही है। डिजिटल भुगतान प्लेटफार्म फोनपे ने पिछले साल लॉन्च किए गए अपने कोरोना वायरस बीमा उत्पाद की स्वीकार्यता से जुड़े आंकड़े जारी किए हैं जिससे पता चला है कि कोरोना वायरस बीमा की बड़े पैमाने पर स्वीकृति हुई है जिसमें 75 प्रतिशत पॉलिसी की खरीदारी टियर -1 शहरों के बाहर छोटे शहरों के ग्राहकों द्वारा की गई है।

बिक्री में योगदान देने वाले शीर्ष राज्यों में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और गुजरात शामिल हैं। फोनपे ने फरवरी की तुलना में मार्च 2021 में कोरोना बीमा बिक्री में पांच गुना वृद्धि देखी है (जब मामले राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने लगे थे) । ग्राहकों को दिए गए क्लेम के संदर्भ में, शीर्ष राज्यों में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, दिल्ली और कर्नाटक शामिल हैं। 3.5 करोड़ रुपए से अधिक के ग्राहकों के क्लेम का पहले ही भुगतान किया जा चुका है। 75 प्रतिशत क्लेम देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ग्राहकों से किए गए थे। बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस के साथ मिलकर फोनपे आज बाजार में सबसे सस्ती कोरोना वायरस बीमा पॉलिसी प्रदान करता है। 50,000 रुपए के कवर के लिए वार्षिक प्रीमियम 396 रुपए जितना कम है। ग्राहक 541 रुपए के प्रीमियम पर 1,00,000 के बड़े कवर का विकल्प चुन सकते हैं। कवर किसी भी अस्पताल में कोविड-19 के इलाज पर लागू है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पूरी तरह नया प्री पेड सेवा पैकेज-स्माइल्स प्लस शुरू किया

बैंगलोर। ग्राहक सबसे पहले के दर्शन के अनुपालन और मूल्य वर्धित सेवाओं के जरिए अनूठी ग्राहक सेवा मुहैया कराने की निरंतर प्रतिबद्धता के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक व्यापक और अनुकूल बनाए जाने योग्य सेवा पैकेज ङ्क स्माइल्स प्लस की शुरुआत की है। एक पेशकश के रूप में इस पैकेज को ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूल बनाया जा सकता है तथा इसमें देशभर में उपलब्ध प्रीपेड पैकेज शामिल रहेंगे। पैकेज को डिजाइन करने में इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि टीकेएम भविष्य की मोबिलिटी की आवश्यकताओं के लिए तैयार है और मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर, आकर्षक तथा बाधामुक्त सेवा अनुभवों से आगे भी सहायता करेगी। प्री-पेड सेवा पैकेज की नई पहल पर टिप्पणी करते हुए श्रीनवीन सोनी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा, ÷हमें पूरी तरह नई'स्माइल्स प्लस' पैकेज की शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है क्योंकि यह पहल अपने ग्राहकों की बढ़ी हुई जरूरतों और मोबिलिटी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की टीकेएम की कोशिशों के क्रम में हैं। इस एक्सक्लूसिव पैकेज की पेशकश के बाद हमारा इरादा अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का है और हम ऐसी सेवा मुहैया कराना चाहते हैं जो उनकी बदलती अपेक्षाओं के अनुकूल हो। टोयोटा में हम समझते हैं कि ग्राहकों को जीवनभर साथ रखने की कुंजी दिल छूने वाली सेवा मुहैया कराना, सीवनहीन संचार और मन की पूरी शांति देना है। स्माइल्स प्लस जैसे अनूठे प्रोग्राम की सहायता से हम अपने सम्मानित ग्राहकों के साथ अपने मौजूदा संबंध को मजबूत करने की कोशिश करते हैं।

आईपीएल 2021 में होम एडवांटेज न होना सकारात्मक : कोहली



चेन्नई (वार्ता)। गत चार वर्षों में पहली बार आईपीएल 2020 सत्र में प्लेऑफ में पहुंची रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल 2021 में एक-दो कदम आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

विराट ने यहां गुरुवार को कल मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2021 के सीजन ओपनिंग मैच से पहले कहा, ÷ यहां खेलना और चिन्नास्वामी में अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने में कोई फर्क नहीं है। बेशक मौजूदा समय में फैन्स हमें लाइव खेलता हुआ नहीं देख पाएंगे, लेकिन अच्छी बात यह है कि हम अपने देश में खेल रहे हैं और इस सत्र में एक और सकारात्मक बात यह है कि पिछले साल की तरह इस साल भी होम एडवांटेज नहीं है। आरसीबी के कप्तान ने कहा, ÷ प्रत्येक टीम तटस्थ स्थानों पर खेलेगी और ऐसे स्थानों पर खेलने से ही असल में टीम की ताकत का पता चलता है। यही कारण है कि पिछला आईपीएल सत्र बहुत प्रतिस्पर्धी था। अंतिम तीन-चार मैचों तक हर कोई क्वालीफाई करने की स्थिति में था, जो मेरे हिसाब से टूर्नामेंट के लिए बहुत अच्छा है। इस तरह के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य और स्थान पर पिछले साल अच्छा प्रदर्शन करने के बाद हम एक टीम के रूप में आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और इस बार एक मजबूत टीम के साथ हमारे पास एक और शानदार सीजन होगा। विराट ने कहा, हमारे पास पिछली बार एक अच्छा सीजन था, शायद इस बार हम कुछ कदम और आगे बढ़ें, जो एक टीम के रूप में हम यकीनन करना चाहते हैं। आगे बहुत रोमांचक समय है। मैं व्यक्तिगत रूप से हमारे पास मौजूद संसाधनों और अपनी टीम की ताकत से बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं। व्यक्तिगत अनुभव से मैं इस तथ्य का प्रमाण दे सकता हूं कि जब आप अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छा करते हैं तो आईपीएल में आपके पास हमेशा एक रोमांचक समय होता है और सच में इस टूर्नामेंट को आप अपना बनाते हैं।

क्रिकेट | बावुमा को सेंचुरियन में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बल्लेबाजी करते हुए चोट लग गई

पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर वनडे कप्तान बावुमा

जोहान्सबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीकाई वनडे टीम के कप्तान तेंबा बावुमा मांसपेशियों में खिंचाव के बाद अस्वस्थ होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ आगामी चार मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अब विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन टीम की कमान संभालेंगे।

बावुमा को यहां गत बुधवार को सेंचुरियन में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बल्लेबाजी करते हुए चोट लग गई थी। उनके अलावा टीम के अनुभवी बल्लेबाज रैसी वान डेर डुसेन और अन्य कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं। रैसी वान डेर डुसेन की बाई टांग पर मांसपेशियों में खिंचाव आया है, हालांकि चयनकर्ताओं ने उनका नाम टी-20 टीम में रखा है।

दक्षिण अफ्रीका के कोच मार्क बाउचर ने वनडे सीरीज के बाद कहा, मैं पागल था जो रैसी वान डेर डुसेन पर इस टी-20 में खेलने की कोशिश करने का जोर डाल रहा था। वह अभी भी टीम में हैं। हम उम्मीद करते हैं एक चमत्कार से जल्द ठीक हो जाएं, लेकिन उनके खेलने की संभावना कम है। ÷

वहीं ड्वैन प्रीटोरियस अपने रिब फ्रैक्चर से उबरने की कोशिश कर रहे हैं और फिलहाल उन्हें टी-20 श्रृंखला में खेलने के लिए मंजूरी नहीं दी गई है। चयनकर्ताओं ने एडन मार्करम, आंदिले फेहलुकवेओ, डेरिन डुपाविलोन और वियान मुल्डर को रिटेन करने का फैसला किया है, जबकि रीजा हेंड्रिक्स को उनके पहले बच्चे के जन्म के बाद श्रृंखला से बाहर रहने की अनुमित दी गई है। दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टी -20 मुकाबले खेल चुके काइल वेरिन भी 18 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। उनके अलावा टीम में तीन अनकैप्ड तेज गेंदबाज सिसंडा मागला, मिगेल प्रीटोरियस, लिजाद विलियम्स और ऑफ स्पिनर विहान लुबे शामिल हैं।

दक्षिण अफ्रीका शुरुआती दो टी-20 मुकाबले यहां 10 और 12 अप्रैल को खेलेगी, जबकि आखिरी दो मुकाबले 14 और 16 अप्रैल को सेंचुरियन में खेले जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका की टी-20 टीमः हेनरिक क्लासेन (कप्तान), जोर्न फॉर्चुन, एडन मार्करम, आंदिले फेहलुकवेओ, ब्यूरन हेंड्रिक्स, जियोर्ज लिंडे, रैसी वान डेर डुसेन, जानेमन मलान, सिसंडा मागला, वियान मुल्डर, तबरेज शम्सी , लुथो सिपांला, काइल वेरिन, पिते वान बिल्जोन, डेरिन डुपाविलोन, मिगेल प्रीटोरियस, लिजाद विलियम्स, विहान लुबे।

आईपीएल करेगा देश में आशा का संचारः सीके खन्ना

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने आईपीएल के आयोजन के लिये अध्यक्ष सौरभ गांगुली, सचिव जयेश शाह व बीसीसीआई के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। खन्ना ने कहा कि जब पूरा देश चुनौतियों से जूझ रहा है ऐसे समय में देश में आईपीएल का आयोजन एक साहसिक कदम है। आईपीएल के मैच लोगों में आशा और उत्साह का नया रंग भरेगें। इसबार आईपीएल बिना दर्शकों होगा लेकिन क्रिकेट का रोमांच भरपूर होगा जिसका आनंद करोडों लोग टेलीविजन के माध्यम से घर पर रह उठायेगें जिस कारण बाहर भीड भाड भी कम होगी।

आईआईएफएल के फ्रीज़ हो चुके कर्वी खातों का एक्टिवेशन शुरू

IIFL

नई दिल्ली (वार्ता)। ब्रोकिंग एवं एडवाईज़री कंपनी आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने फ्रीज़ हो चुके 11 लाख कर्वी डिमैट खातों का एक्टिवेशन शुरू कर दिया है। कंपनी ने बयान जारी बताया कि कर्वी डिमैट खाता धारक अब इसके प्लेटफॉर्म पर ट्रेड या निवेश कर सकते हैं। आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ ने नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड एवं सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेस लिमिटेड के साथ कर्वी स्टॉक ब्रोकिंग धारित सभी डिमैट खातों के अधिग्रहण की आधिकारिक बोली जीत ली है।

उसने बताया कि 11 लाख कर्वी डिमैट खातों के एस्सेट अंडर मैनेजमेंट 3 लाख करोड़ रुपए हैं। फरवरी की शुरुआत में प्रारंभ हुई इस बिडिंग प्रक्रिया से 11 लाख निवेशकों की पीड़ाओं का अंत हो गया, जिनके खाते एक साल से ज्यादा समय से फ्रीज़ पड़े हुए थे। इन खातों का एक्टिवेशन हालाँकि अब शुरू कर दिया गया।

कबीरधाम जिले में कोरोना वायरस की चैन तोड़ने लिए गए कठोर निर्णय

- जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक
- कबीरधाम जिले और कवर्धा शहर में प्रवेश के लिए दिखाने होंगे कोरोना निगेटिव रिपोर्ट
- जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों और कुछ बड़े ग्रामों में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक खुलेगी दुकाने
- फल और सब्जी की दुकाने सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुले रहेगी
- हॉटल, लॉज और धर्मशाला में ठहरने से पहले 3 दिनों के भीतर का कोरोना रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य

कवर्धा, 09 अप्रैल 2021। कबीरधाम जिले में कोविड-19, कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इसके संक्रमण के प्रभाव को रोकने और उनके चैन को तोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में आज कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम और नियंत्रण के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आपतकालीन बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयाराम के. समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के बाद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जिले मे संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठान, फल, सब्जी दुकान, चलित ठेले, हॉटल, लॉज, रेस्टॉरेन्ट और जिले तथा कवर्धा नगर में प्रवेश के संबंध में अलग-अलग आदेश जारी किया गया है। ये आदेश 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अथवा आगामी आदेश पर्यन्त जो पहले आये तक प्रभावशील रहेगा।

कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने बैठक के बाद पत्रकारो से चर्चा करते हुए बताया कि जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और मैदानी स्तर में तैनात अधिकारियों से कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकरणों पर विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श के बाद कबीरधाम जिले में कोविड-19, कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इसके संक्रमण के प्रभाव को रोकने और उनके चैन को तोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला, सहपुर लोहारा, पिपरिया, पाण्डातराई के अलावा जिले के बढ़े ग्राम पंचायत रेंगाखार कला, पोडी, कुण्डा, दामापुर बाजार, झलमला, कुकदूर, चिल्फी एवं कापादाह में संचालित दुकान एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से 4 बजे तक निर्धारित की गई है। नगरीय निकाय क्षेत्रों के लिए फल एवं सब्जी दुकानों के लिए सुबह 7 बजे से 12 बजे तक समय निर्धारित की गई है। कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में पालिका द्वारा चिन्हांकित 3 अलग-अलग स्थानों में सब्जी बजार लगाई जाएगी। चलित ठेले के लिए सुबह 7 बजे से 4 बजे तक निर्धारित की गई है। इन चलित ठेलों द्वारा अपने ग्राहकों को शाम 4 बजे रात 8 बजे तक केवल पार्सल की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा मेडिकल स्थापनाएं एवं मेडिकल दुकान ट्रांसपोर्ट नगर व गुड्स एवं कैरियर सेवाऐं, पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, बैंकिंग सेवायें एटीएम, मीडिया संस्थान, पेयजल सुविधाएं, सिवरेज ट्रीटमेंट व्यवस्थाएं, विद्युत व्यवस्थापक, फायर ब्रिगेड, टेलीफोन व इंटरनेट सुविधाएं (जिनमें पक्की स्थाई संरचना एवं वैध लायसेंस उपलब्ध हो) पूर्व निर्धारित समय पर होगी।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि जिले में वर्तमान में जिस गति से कारोना पाजिटिव की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए कबीरधाम जिला में प्रवेश और कवर्धा शहर में प्रवेश के लिए कठोर निर्णय लिए गए है। कलेक्टर श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि कबीरधाम जिले के भीतर अन्य जिलों, राज्य से प्रवेश करने वाले प्रत्येक नागरिक को जिले की सीमा में प्रवेश के पूर्व विगत 3 दिवस के भीतर का कोरोना निगेटिव जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। जिले के नागरिक जो कि ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय निकाय की सीमा के भीतर प्रवेश किए जाने की स्थिति में प्रत्येक नागरिक को प्रवेश के पूर्व विगत 3 दिवस के भीतर का कोरोना निगेटिव जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही नगरीय निकाय सीमा में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। जिले के सभी बैंक में आम नागरिकों को बैंक में प्रवेश के पूर्व विगत 3 दिवस तक का कोरोना नेगेटीव रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। कोरोना जांच रिपोर्ट हेतु मोबाईल में प्राप्त मैसेज भी मान्य होगा। निगेटिव कोरोना रिपोर्ट होने (मैसेज, दस्तावेज) की दशा में आईडी दिखाना अनिवार्य होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर ने आगे बताया कि सभी दुकानों के सामने दुकानदारों को स्वयं फ्लैक्स छपवाकर दुकानों के खुलने एवं बंद करने के समय-सीमा को प्रदर्शित करना होगा। सभी व्यापारियों, कर्मचारियों, ग्राहकों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। समस्त व्यापारिक गतिविधियों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी व्यवसायियों को अपने दुकान, संस्थान में विक्रय हेतु मास्क रखना अनिवार्य होगा, ताकि बिना मास्क पहने खरीददारी करने के लिए आये ग्राहकों को सर्वप्रथम मास्क का विक्रय, वितरण किया जाए एवं तत्पश्चात् अन्य वस्तुओं, सेवाओं का विक्रय किया जावे। प्रत्येक दुकान, संस्थान में स्वयं तथा आगंतुकों के उपयोग हेतु सेनेटाइजर रखना अनिवार्य होगा, अगर किसी बाजार या अन्य क्षेत्र कन्टेन्मेंट जोन घोषित हो जाता है, तो उस क्षेत्र के समस्त व्यवसाय बंद हो जायेंगे एवं उस क्षेत्र में कन्टेन्मेंट जोन के समस्त नियमों का पालन करना होगा। समस्त नगरीय निकायों में साप्तहिक अवकाश का कड़ाई से पालन करना होगा। हाइवे के ढाबा में बैठकर खाने की अनुमति नहीं होगी। केवल टेक अवे की अनुमति होगी। दुकानदार के परिवार में किसी व्यक्ति के कोरोना पॉजिटीव होने पर उनका दुकान 10 दिवस के लिए सील किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति, संस्थान द्वारा उपर्युक्त शर्तों में से किसी एक या एक से अधिक शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो उसके विरूद्ध महामारी नियंत्रण अधिनियम के तहत जुर्माना तथा दुकान, संस्थान को तत्काल प्रभाव से 15 दिवस के लिए सील कर दिया जाएगा। उपर्युक्त आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, प्रतिष्ठान भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 सहपठित आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 एवं महामारी नियंत्रण अधिनियम 1897 की धारा 3 के तहत दण्डनीय होंगे।

विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से हुआ महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यों की समीक्षा

- नरवा, गौठान, आंगनबाड़ी भवन मानव दिवस सृजन एवं मजदुरी भुगतान जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हुई चर्चा

कवर्धा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले में चल रहे निर्माण कार्यो कि समीक्षा विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से किया गया। समीक्षा के दौरान शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी के कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि नरवा के तहत प्रथम एवं द्वितीय चरण में नरवा जीर्णेद्धार के स्वीकृत ऐसे कार्य जो आंशिक रूप से होना शेष है उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। शासन द्वारा वर्तमान में जिले को नरवा के तहत दिये गये नये लक्ष्यों से संबंधित सभी नालों का डी.पी.आर. आगामी 7 दिवस के भीतर तैयार कर जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। गौठान विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए कहा गया कि जिले के सभी 468 ग्राम पंचायतों में गौठान निर्माण का कार्य किया जाना है। जिन ग्राम पंचायतों में गौठान स्वीकृती का कार्य शेष है उन गांवों में गौठान के स्वीकृति का प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से चर्चा करते हुए जगह के चिन्हांकन के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। बैठक में 49 गैठनों कि स्वीकृति शेष होने कि बात कहते हुए संबंधित सीईओं जनपद पंचायत को स्वीकृति हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह विभिन्न चरणों में स्वीकृत गौठानों को समय सीमा में पूर्ण करने मैदानी अमलों को कहा गया तथा कहा गया कि सभी गौठानों में शासन द्वारा निर्धरित मूलभूत सुविधा जैसे, पशु शेड, वर्मी बेड, नाडेफ, शौचालय आदि को गुणवक्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कि समीक्षा करते हुए मैदानी अमलों को कहा गया कि वर्ष 2018-19 में एक लंबित भवन को अप्रैल मध्य तक एवं 2019-20 के आंगनबाड़ी भवनों को माह अप्रैल के अंत तक पूर्ण किया जाए। इसी तरह खादय गोदाम एवं वनधन भवनों की समीक्षा ग्राम पंचायतवार की गई।

गरियाबंद एवं राजिम अनुविभाग में व्यावसायिक प्रतिष्ठान व दुकानें खुली रखने के लिए समय निर्धारित

- प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुली रहेंगी दुकानें

गरियाबंद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर के आदेशानुसार सम्पूर्ण जिले में धारा 144 सी.आर.पी.सी. प्रभावशील किया गया है। अनुविभाग गरियाबंद अंतर्गत कोविड-19 के पॉजीटीव प्रकरण लगातार बढ़ रहे है तथा संक्रमण दर में अप्रत्याशित वृध्दि हो रही है। जिसके नियंत्रण के संबंध में अनुविभाग गरियाबंद के विभिन्न व्यापारी संघों के सम्माननीय प्रतिनिधियों, नगर पालिका परिषद के सम्माननीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से विचार मंत्रणा उपरांत अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं इंसीडेंट कमांडर गरियाबंद द्वारा द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के संचालन हेतु समय निर्धारित करते हुए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। आज जारी आदेशानुसार अनुविभाग गरियाबंद अंतर्गत सम्पूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों/दुकानों के खुले रहने का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। रेस्टोरेंट/भोजनालय, टेक-अवे आधार पर उपभोक्ताओं को भोजन रात्रि 8:30 बजे तक प्रदाय कर सकते है। चाय/नाश्ता/गुपचुप, चाट/आईसस्कीम एवं अन्य सभी ऐसे ठेले जो खाद्य सामग्री/पदार्थ का विक्रय करते है, वे उपभोक्ताओं को केवल पार्सल सेवा प्रदाय करेगें। अति आवश्यक सेवा वाले प्रतिष्ठानों/दुकानों (यथा मेडिकल स्टोर्स, पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी) को छोड़कर सभी पर यह आदेश लागू होगा।

शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले से अन्यत्र जिलों में आवागमन के लिए अनुमति लेना आवश्यक

कवर्धा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा ने कोरोना वायरस, कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण को विशेष ध्यान रखते हुए कबीरधाम जिले के अंतर्गत संचालित समस्त कार्यालयों के शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आगामी आदेश पर्यन्त तक निर्देश जारी किए है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले से अन्यत्र जिलों में आवागमन हेतु अनुमति लेना आवश्यक है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 30/लो.क.वि./न.पा.नि./2021 — रायगढ़, दिनांक 03/04/2021

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र अ में पीएचई के वर्ष 2020 एवं इलेक्ट्रीकल कार्य हेतु वर्ष 2015 से प्रचलित दर अनुसूची पर नगर पालिक निगम रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigrh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 26.4.2021 अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदा त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 26/04/2021 को अपरान्ह को सायं 04.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में)	अमानत राशि रुपए)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी
1	वार्ड क्र. 01 से 12 वार्ड के लिए पृथक-पृथक ग्रुप क्र. 01 से 12 तक के लिए पृथक-पृथक निविदा पृथक-पृथक लिफाफे में प्रत्येक कार्य का पृथक-पृथक निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डी.डी. एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. एवं निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करना होगा।	08.00(लाख) प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 12x8 लाख का कार्य होगा।	6000/- रुपया प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 12x6 हजार का देय होगा।	750/- रुपया प्रत्येक ग्रुप के लिए अर्थात 12x750 रुपया देय होगा।	डी वर्ग एवं ऊपर

नोट :- 1. उपरोक्त कार्य की निविदा प्रपत्र वेबसाईड से डाउनलोड कर प्राप्त किया जावे तथा निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार के जानकारी की आवश्यकता होने पर नगर निगम रायगढ़ के तकनीकी शाखा से प्राप्त किया जावे अथवा त्रुटि पूर्ण निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा।

"स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें।"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

एयरपोर्ट और स्टेशनों में ...

ऑक्सीजन बेड की बढ़ेगी संख्या अधिकारियों को दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के भिलाई के ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन सप्लाई की पहली प्राथमिकता छत्तीसगढ़ के लिए होगी। अन्य सेवाओं में कार्यरत डॉक्टरों की सेवाएं भी कोविड-19 के इलाज और प्रबंधन में ली जाएंगी। प्रदेश में ऑक्सीजन बेड की संख्या तेजी से बढ़ाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। मेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नर्सिंग के पास आउट विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर उनकी सेवाएं भी ली जाएंगी।

मास्क का उपयोग और सामाजिक दूरी बनने की अपील

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सोलह माह से हम सभी के सहयोग से कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। लोगों को मास्क का प्रयोग करने, सामाजिक दूरी का पालन करने, हाथों की साफ-सफाई और सेनेटाइजर का उपयोग करने जैसे कोविड-19 अनुरूप व्यवहार को अपनाने के लिए सबके सहयोग से जनजागरण करने की जरूरत है। राज्य सरकार की इस दिशा तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान गरीबों के भोजन, राशन की व्यवस्था सामाजिक संगठनों और प्रशासन के सहयोग से की जाएगी।

राहुल ने क्यों नहीं लगवाया...

यह समझना चाहिए कि कांग्रेस शासित राज्यों में वैक्सीन की कमी नहीं है बल्कि हेल्थकेयर के प्रति कमिटमेंट का अभाव है। यही नहीं रविशंकर प्रसाद ने इशारों में ही महाराष्ट्र सरकार की राजनीतिक हलचल का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, 'राहुल गांधी को अपनी पार्टी की सरकारों को लेटर लिखना चाहिए कि वे वसूली के काम को बंदद करें और लाखों लोगों को वैक्सीन लगाएं, जिन्हें वे दबाए बैठे हैं।' रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महामारी से लड़ना किसी एक ट्रिक का गेम नहीं है। वैक्सीनेशन के अलावा टेस्टिंग, ट्रीटींग और ट्रेसिंग पर भी फोकस करने की जरूरत है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह इन चीजों को नहीं समझते हैं। उनके इन चीजों को नजरअंदाज करने की वजह उनका अहंकार है।

यही नहीं राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए रविशंकर प्रसाद ने लिखा कि पार्ट टाइम पॉलिटिशियन के तौर पर असफल रहने के बाद अब वह फुल टाइम लॉबिंग में जुटे हैं? पहले उन्होंने फाइटर प्लेन कंपनियों के लिए लॉबिंग की थी और भारत के हथियारों की खरीद के प्रोग्राम को बाधित करने का प्रयास किया था। अब वह फार्मा कंपनियों के लिए लॉबिंग कर रहे हैं तो विदेशी वैक्सीन को मनमाने ढंग से मंजूरी दी जा सके। बता दें कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में वैक्सीन की कमी का आरोप लगाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि वैक्सीन की कमी होने की स्थिति में टीका उत्सव कैसे मनाया जा सकता है। यह उत्सव की बात नहीं है बल्कि गंभीर समस्या है। इसके अलावा राहुल गांधी ने वैक्सीन को विदेशों में निर्यात किए जाने के फैसले पर भी सवाल उठाया था।

999999

सीएम बघेल व गृहमंत्री साहू ...

और उनकी पत्नी ने कोविड-19 का पहला टीका लगाया। गृहमंत्री साहू ने सभी को टीका लगाने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै और कोरोना टीकाकरण की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला से प्रदेश में टीकाकरण की ताजा स्थिति की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री बघेल के साथ ही आज गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कमला साहू ने भी कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. आर.के. सिंह, कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय यादव, रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विष्णु दत्त, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विनीत जैन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल भी मौजूद थीं।

वयस्क चुन सकते है ...

गठन का आदेश दिया जाना चाहिए, जिसका काम धोखाधड़ी से धर्मांतरण के मामलों की निगरानी करना होगा।

आतंकी के नाम पर एक ...

बाहर मिली संदिग्ध कार के मामले में सचिन वाझे आरोपी है। अदालत से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सचिन वाझे की न्यायिक हिरासत की मांग की थी ताकि पूछताछ की जा सके। एजेंसी की इस मांग को अदालत ने स्वीकार कर लिया है। अदालत में सुनवाई के दौरान सचिन वाझे के वकील ने उनकी जान को खतरा बताया। वाझे के वकील ने कहा कि उनकी जान को खतरा है। इसलिए जेल में उन्हें सुरक्षित सेल मुहैया कराई जानी चाहिए ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-485 श्री उमाशंकर वर्मा पिता स्व. श्री रामानंद वर्मा को आफर/स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 28.02.2011 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन को वर्तमान में श्रीमती राजेश्वरी साहू पति श्री संतोष साहू पता-संजारी नवागांव जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 02/न.पा.नि./जोन-10/21-22 — रायपुर, दिनांक 05.04.2021

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 19.04.2021 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 20.04.2021 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 26.04.2021 कार्यालयीन समय 3.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 26.04.2021 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	देवपुरी में गुरू घासीदास बाबा मंदिर के पास नवीन शेड निर्माण कार्य।	19.80	20000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह
02	देवपुरी एवं डुमरतराई में श्मशान घाट पर सीमेंटीकरण व अन्य आवश्यक कार्य।	19.60	20000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह
03	रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 अंतर्गत लालपुर ओव्हर ब्रिज से पचपेड़ी नाका चौक तक डिवाईडर सौंदर्यीकरण कार्य।	18.16	19000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह
04	कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र. 54 अंतर्गत बोरियाखुर्द से संतोषी नगर चौक डिवाईडर सौंदर्यीकरण कार्य।	19.85	20000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब, स अंकित होना अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालीयन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक साल्वेंसी, लास्ट तीन साल का आईटीआर एवं क्लीयरेंस डिटेल, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह का क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर पालिक निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
जोन क्रमांक-10
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक - 09
मोवा थाना के पास स्थित सामुदायिक भवन

क्रमांक/04/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 09/2021 — रायपुर, दिनांक 08/04/2021

// निविदा संशोधन सूचना //

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक 306/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2021 रायपुर, दिनांक 26.03.2021 के समस्त कार्यों में निविदा प्राप्ति की तिथि 16.04.2021 निर्धारित है। कलेक्टर, जिला-रायपुर के द्वारा कोविड-19 की रोकथाम हेतु दिनांक 09.04.2021 से 19.04.2021 तक लॉकडाउन किया गया है।

अतः निविदा प्राप्ति दिनांक 26.04.2021 को संध्या 5.00 बजे तक विस्तारित की जाती है एवं प्राप्त निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जावेगी। निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

INDIRA GANDHI KRISHI VISHWA BIDYALAYA

KRISHAK NAGAR, RAIPUR, CHHATTISGARH 492012
Website : www.igkv.ac.in
Phone : 0771-2442537 and 0771-2444106

CORRIGENDUM

No. 161 — Date : 09.04.2021

The last dates for submission of sealed tender against the FoI invited vide this office No. 42 dt. 03.04.2021 is extended till 30.04.2021.

In addition, as per the ICAI guidelines the "approx amount" mentioned in Annexue- I is substituted by "Minimum amount".

Rest terms and conditions are remaining same.

(V.K. Khalkho)
S.-28567/2 — COMPTROLLER

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

जोन क्रमांक- 06

क्रमांक/जोन क्र. 06/न.पा.नि./2020-21 — रायपुर, दिनांक

-:: निविदा संशोधन सूचना ::-

निविदा क्र. 01 दिनांक 02.04.2021 का निविदा आमंत्रित किाय गया था। किंतु दिनांक 09/04/2021 शाम 6.00 बजे से दिनांक 19/04/2021 प्रातः 6 बजे तक रायपुर जिले में लॉकडाउन लगने के कारण निविदा तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

(1) आवेदन प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र लेने का दिनांक 19/04/2021
(2) निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करने का दिनांक 26/04/2021 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित है।
(3) निविदा खोलने का दिनांक 27/04/2021 कार्यालयीन समय में उपस्थित निविदाकारों तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

खरोरा समीप्रस्त ग्राम पाड़ाभाट में दो लोगो की सड़क दुर्घटना में मौत

खरोरा। समीप्रस्त ग्राम पाड़ाभाट में शाम करीब 6 बजे एक मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारदी जिससे मौके पर ही मोटरसाइकिल में सवार दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई । वही दुर्घटना में मृतक जयकिशन सोनवानी पिता नैनदास सोनवानी आयु 23 वर्ष व. इंद्रजीत नारंग पिता फनेश्वर नारंग आयु 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भाटिया। की मौके पर ही मौत हो गई । वही थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफभादवी की धारा 304 (a) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा है।

भाजपा की 41 वें स्थापना दिवस घर पर मनाई गई

गरियाबंद। कोरोना महामारी के चलते भाजपाई ने अपने पोलिंग बूथ या घर मे भाजपा की स्थापना दिवस पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर मनाई गई । गरियाबंद जिले के पूर्व जिला महामंत्री एवं मार्केटिंग सोसायटी गरियाबंद के

अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा ने अपने निवास गृह में भाजपा का झण्डा लगाकर भाजपा 41 वें स्थापना दिवस मनाया और उन्होंने बताया कि भारतीय जनसंघ के बाद 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तो विरोधी दलों ने भाजपा कमल छाप वालों का जमकर उपहास उड़ाए थे । देखो आज विश्व के सबसे बड़े सदस्य 12 करोड़ से भी अधिक संख्या वाली पार्टी बन गई है विभिन्न बड़े राज्यों से लेकर केंद्र की सत्ता पर विगत 7 वर्षों से जनता की सेवा के लिये विकास की अविरल धारा बह रही है । भाजपा की सबल नेतृत्व और यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र दामोदर राव मोदी ने भारत को विश्व शिखर तक लेकर जा रहे हैं । श्री सिन्हा ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे देश भक्त और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिकल्पना को साकार करने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य हूँ । उन्होंने भाजपा के 41 वें स्थापना दिवस पर सबको शुभकामनाएँ संदेश प्रेषित किये हैं ।

कोरोना संकट की घड़ी में सभी को संयम बरतने के साथ सकारात्मक सोच जरूरी - योगेश तिवारी

बेमेतरा। किसान नेता योगेश तिवारी ने गुरुवार को कोरोना का पहला टीका लगवाते हुए कहा कि बेमेतरा जिले में कोरोना भयावह रूप ले लिया है, कोरोना की दूसरी लहर में बड़े पैमाने पर मौतों से लोगो में दहशत है। इस संकट की घड़ी में हम सभी को संयम बरतने की जरुरत है। कोरोना गाइड

लाइन का अनिवार्य रूप से पालन कर हम कोरोना को मात दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों को सकारात्मक सोच के माध्यम से डर के माहौल से बाहर निकाला जा सकता है। वही परिवार के सदस्य कोरोना मरीज से फोन पर निरन्तर सम्पर्क में रहने के साथ, उन्हें भरोसा दिलाए की इस संकट की घड़ी परिवार का हर सदस्य उसके साथ खड़ा है।उन्होंने 45 साल से अधिक आयु के सभी लोगों से कोरोना वैक्सीनेशन करवाने और कोरोना के लक्षण लगने पर तत्काल कोरोना टेस्ट कराने की अपील की।

लॉकडाउन के दौरान मुख्यालय में रहे अधिकारी - कलेक्टर

बेमेतरा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आज एक आदेश जारी कर कहा कि कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के अलावा जिले के सभी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी लगे हैं, यह एक अपात स्थिति है, जिसमे सभी की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। अतः जिले के समस्त डॉक्टर्स, नर्सेस, स्वास्थ्य अधिकरी एवं अन्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं उनके अधिनस्त को यह निर्देश दिये है कि वे कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम हेतु सौंपे गये कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं तत्परता से संपादित करें तथा इस दौरान मुख्यालय में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहे।

जिले मे 10 अप्रैल से 19 अप्रैल 2021 तक सम्पूर्ण लॉकडाउन

बेमेतरा। छ.ग. शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) नियंत्रण के संबंध में इस कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में जिला बेमेतरा में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना आवश्यक हो गया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित ऐपिडेमिक एक्ट 1987 यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आज एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 10 अप्रैल 2021 शाम 06:00 बजे से 19 अप्रैल 2021 प्रातः 06:00 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाता है। उपरोक्त दर्शित अवधि में बेमेतरा जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील रहेगी। उपरोक्त अवधि में केवल मेडिकल दुकानों को अपने निर्धारित समय में खुलने की अनुमति होगी। मेडिकल दुकान संचालक मरीजों के लिए दवाओं की होम डिलीवरी को प्राथमिकता देंगे। इस अवधि में रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टीशनर के दवाखाने भी संचालित रहेंगी। पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा केवल शासकीय वाहनों/शासकीय कार्य में प्रयुक्त वाहन, ए.टी.एम. कैश वैन, अस्पताल/मेडिकल इमरजेंसी से संबंधित निजी वाहन/एम्बुलेंस, एल.पी.जी. परिवहन कार्य में प्रयुक्त वाहन, विधिमान्य ई-पास धारित करने वाले वाहन, एडमिट कार्ड/कॉल लेटर दिखाने पर परीक्षार्थी/उनके अभिभावक, परिचय पत्र दिखाने पर मीडियाकर्मी/प्रेस वाहन/न्यूज पेपर हॉकर, दुग्ध वाहन तथा छत्तीसगढ़ में नहीं रूकते हुये एक राज्य से सीधे अन्य राज्य जाने वाले वाहनों को पी.ओ.एल. प्रदाय किया जावेगा।

निधन

चिंता राम साहू

खरोरा। चिंता राम साहू ग्राम लखना निवासी का निधन 05 अप्रेल सोमवार को हुवा जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया वे ग्राम के प्रसिद्ध हारमोनियम वादक एवम लीला मंडली के अध्यक्ष थे

जनपद से जारी राशि अनुसार कार्य नहीं महीनों से स्कूल निर्माण बंद

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। ग्राम पंचायत के केकराजोर पर काफी जद्दोजहद करने के पश्चात स्कूल की स्वीकृति दिया गया और महीनों पहले निर्माण एजेंसी को प्रथम किस्त जारी कर दिया। मगर आज तक जारी राशि अनुसार स्कूल निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। बल्कि मैटेरियल सप्लायर को एडवांस पैसा देना बताकर बीते 1 माह से काम बंद कर रखा है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम केकराजोर कि साला वर्षों से जर्जर स्थिति को देखते हुए कईयों बार अधिकारी मंत्री को अवगत कराने के बाद बमुश्किल नया स्कूल स्वीकृत किया गया। और 12 लाख की लागत से स्वीकृत कर निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया। बकायदा इस सत्र मैं बच्चों को नया स्कूल मिल पाए इसके लिए जनपद अधिकारियों ने भी तेजी से कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर ग्राम पंचायत को प्रथम किस्त के रूप में 4 लाख 50000 जारी कर दिया और जारी अनुसार चौखट लेवल तक स्कूल निर्माण किया जाना था। लेकिन जिम्मेदार सरपंच सचिव ने डीपीसी लेवल तक काम कर छोड़ दिया है। और

गेट खिड़की सहित मैटेरियल सप्लायर को एडवांस राशि देने की बात कहकर अपना अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जिसके चलते पालकों में काफी ज्यादा रोष देखने को मिल रहा है। क्योंकि अगर आने वाले दिनों में स्कूल संचालित किया जाता है। तो मासूम बच्चों को पुराने खंडहर स्कूल में पढ़ाई करना पड़ेगा। मतलब निर्माण एजेंसी की उदासीनता के चलते बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करना मजबूरी होगा। बावजूद इसके सरपंच सचिव स्कूल निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है। शायद यही वजह है कि दिनों दिन बीत रहा है। लेकिन स्कूल निर्माण शुरू नहीं हो पाया है ।जबकि निर्माण कार्यों में गति लाने के लिए इंजीनियर एसडीओ सहित अन्य अधिकारी पदस्थ किए गए हैं। फिर भी जरूरी स्कूल निर्माण कार्य कछुए की चाल पर कराया जा रहा है। ऐसे में बच्चों को नए स्कूल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है ।क्योंकि जिम्मेदार सरपंच सचिव तरह तरह कि बहाना बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं ।जिससे चिंतित गांव के कुछ पालक जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द स्कूल पूर्ण कराने की मांग करेंगे ।

> फिलहाल डीपीसी लेवल तक स्कूल निर्माण हुआ है जिसमें करीब 3 लाख़ खर्च हो चुका है और सप्लायरओं को एडवांस भी दिया है
>
> **हंसराज यादव,** सचिव ग्राम पंचायत केकरा जोर

लगातार मौतों से स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

आखिर सरकार के करोड़ों खर्च के बाद भी व्यवस्था क्यों नहीं सुधरती

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। इन दिनों जिला कोविड-अस्पताल बालोद में लगातार कोरोना पीड़ितों की मौत का सिलसिला जारी है। एक तरफ जहां सरकार द्वारा एक एक मरीज के इलाज के लिए एक-एक दिन में 7000 से ?9000 तक खर्च किया जा रहा है।लाखों करोड़ों का फंड दिया जा रहा है। उसके बाद भी आखिर इलाज में क्यों नाकामी मिल रही है यह समझ के परे है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग इन दिनों एक बार फिर कटघरे में खड़ा होता नजर आ रहा है। बालोद जिला कोविड-अस्पताल की ही बात करें तो यहां लगातार मौतों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर दूसरे तीसरे दिन एक से दो, तो कभी तीन से चार लोगों की मौत हो रही है।बीती रात को भी यहां अर्जुंदा से लाए गए एक मरीज ने दम तोड़ दिया। इस मामले में एक परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि अस्पताल में ऑक्सीजन तक की व्यवस्था नहीं है। बेड तक नहीं मिल रहा है। जब हमने अपने परिजन को यहां भर्ती कराने के लिए लाया तो हमें कहा गया कि यहां से दूसरे अस्पताल चले जाइए। जैसे तैसे यहां से रिफर किया जा रहा था कि मरीज ने दम तोड़ दिया। ऐसी स्थिति में भला पीड़ित कहां जाएंगे। उक्त आरोप लगाते हुए परिजन का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इसके पहले भी जिला कोविड- अस्पताल मेब मरीजों का लगातार मौत का मामला सामने आता रहा है जो बड़ा सवाल खड़ा कर रही है कि यहां व्यवस्था अब तक क्यों सुधारी नहीं जा रही है।एक ओर जहां लगातार कलेक्टर अस्पताल का निरीक्षण कर के डॉक्टरों व स्टाफ को बेहतर काम करने की नसीहत दे रहे हैं तो दूसरी ओर लगातार लापरवाही और इलाज में नाकामी पीड़ितों की जिंदगी छीन रही है। इससे लोगों में भी आक्रोश पनपने लगा है कि आखिर व्यवस्था क्यों नहीं बनाई जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देशों के मुताबिक क्यों काम नहीं हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर व स्टाफ क्यों लापरवाही बरत रहे हैं। यह बात भी जग जाहिर होती जा रही है कि यहां ऑक्सीजन सिलेंडर लगातार खत्म हो रहे हैं। इस वजह से भी इलाज में दिक्कत सामने आ रही है।पिछले दो हफ्तों में यहां सबसे ज्यादा मौतें हुई है ।होली के बाद स्थिति और बिगड़ी है। इस वजह से अब यहां आने वाले लोग भी घबराए रहते हैं कि उनकी जान बच पाएगी या नहीं?

सिविल सर्जन का कहना मरीज नहीं ले पा रहे ऑक्सीजन यह है बड़ी दिक्कत

तो वही लगातार होती कोरोना पीड़ितों की मौत पर जब हमने जिला कोविड-अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर एसएस देवदास से बात की तो उनका कहना था कि हम इलाज में कोई लापरवाही नहीं करते हैं जो भी संसाधन है उसके हिसाब से पूरा इलाज किया जाता है। ऑक्सीजन की भी कोई कमी नहीं है। परेशानी मरीजों की ओर से होती है। मरीज को जब हम ऑक्सीजन चढ़ाते हैं तो वे ठीक से ऑक्सीजन नहीं ले पाते हैं। अचानक से लेवल डाउन हो जाता है। यह परेशानी अधिकतर कोरोना पीड़ितों की है इस वजह से भी कई दफा इलाज के दौरान मौत हो जाती है। विशेषज्ञ इसका रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे हैं ।लोगों को बढ़ते संक्रमण को देखते हुए अब और काफी ज्यादा सतर्कता बरतनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जो भी मौतें हो रही है उसमें मरीजों द्वारा सही तरीके से ऑक्सीजन न लिए जाने के कारण ऐसी स्थिति बनी है।

यह तो हुई जिम्मेदारी से बचने वाली बात

एक सिविल सर्जन का इस तरह से मौत पर बयान देना एक तरह से विभाग को अपनी जिम्मेदारी से बचने वाला लग रहा है। यानी अगर ठीक से इलाज भी नहीं हुआ है तो इसके जिम्मेदार उक्त कोरोना के मरीज माने जा रहे हैं जो ऑक्सीजन नहीं ले पा रहे हैं। यानी जब उन्हें ऑक्सीजन चढ़ाया जाता है तो अपने श्वसन नली से ऑक्सीजन खींच नहीं पाते हैं। ऑक्सीजन लेवल डाउन होने की बात कहकर जिम्मेदार अधिकारी और डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं। तो वही जिनके भी परिवार के सदस्य इलाज के दौरान मरे हैं उनका स्पष्ट आरोप रहता है कि इलाज में कोताही बरती जाती है।

अभाविप ने नक्सलवाद का पोस्टर दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

गरियाबंद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नक्सलियों की कायराना हरकत की निंदा करते हुए परिषद के सदस्यों ने नक्सलवाद का पोस्टर दहन कर विरोध प्रदर्शन किया । उन्होंने नक्सलियों के खिलाफ केंद्र एवं राज्य सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग भी की है । बीजापुर में हुए नक्सली हमले में 22 जवान शहीद हो गये समूचे देश भर मे इस घटना की जमकर भर्त्सना की जा रही है। वहीं नगर मंत्री शैलेंद्र देवांगन ने कहा की देश भर मे इस प्रकार की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोगों मे नक्सलवाद के प्रति भय बढ़ता रहा है। ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण नक्सलवाद प्रदेश में अपनी जड़ें मजबूत कर रहा है। नक्सलवाद को हराने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार को कठोर कदम उठाना चाहिए। नक्सलवाद की जड़ को पूरी तरह उखाड़ फेंकना चाहिए और यह वीर बलिदानियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी । प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम् वर्मा ने कहा कि नक्सलियों की यह हरकत निंदनीय है । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि राज्य एवं केंद्र सरकार इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही करे । इस पर चांदनी त्रिपाठी,अशीष मिश्रा,रोमी सिन्हा, यश सिन्हा,विजय राजपुत,जय कुटारे,खीलेष सिन्हा, राहुल वर्मा,लव सेन,राजा दुबे,सुषमा यादव,दिलशा सिन्हा,प्रियांशु सेन,मानव निर्मलकर,सागर सिन्हा, उत्कर्ष गजेन्द्र,नवीन सिन्हा,उमेश साहू,टेमन साहू, पुष्पराज राजपूत,ललित चेलक,चेतन,छत्रपाल एवं अन्य सदस्यों ने अपने स्थान पर रहकर नक्सलवादियों का पोस्टर दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया ।

कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु जिला कांग्रेस ने जिलाधीश से की उचित निर्णय की मांग

कवर्धा। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी ने जिलाधीश महोदय जी से मिलकर कबीरधाम जिला में कोरोना संक्रमण की महामारी में हो रही वृद्धि को देखकर चिंता व्यक्त किया और कहा कि जिले में प्रतिदिन कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिससे लोगो में काफी दहशत फैला हुआ है आमजन परेशान हो रहे इसलिए, बढ़ते हुए कोरोना महमारी की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा उचित और सही निर्णय लेने

की मांग किया गया, जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी जी मांग पर जिलाधीश महोदय जी द्वारा कहा गया कि हमारे जिले में कोरोना संक्रमण दिन ब दिन लगातार बढ़ते जा रहे है इसलिए उचित निर्णय लेकर तत्काल दिशा निर्देश जारी कर दिया जाएगा बोला गया, जिला अध्यक्ष जी द्वारा ज्ञापन सौंपने के लिए साथ मे नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा जी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष श्री होरी साहू जी, बोड़ला ब्लाक अध्यक्ष श्री पीताम्बर वर्मा जी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री ईश्वर शरण वैष्णव जी, सचिव श्री टीकम शर्मा जी, श्री बिलाल खान जी श्री राधरश्याम साहू जे उपस्थित थे।

कोरोना संक्रमण: जिला कलेक्टर के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शहर का दौरा

कवर्धा। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आज जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सभी कंटेनमेंट वार्डो का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए थोक एवं चिल्हर सब्जी विक्रेताओं को अलग-अलग स्थानों पर विभाजित किये जाने का फैसला लिया है।

सब्जी बाजार अब पटेल मैदान में: नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा सहित जिला अधिकारियों से चर्चा कर कोरोना चैन को तोड़े जाने हेतु भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों को व्यवस्थित करने अनुरोध किया। जिस पर गुरूतेग बहादुर चैक से लेकर लोहारा नाका चैक तक लगने वाले सब्जी व्यापारियों को व्यवस्थित किये जाने पर चर्चा हुई। जिला अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया गया कि 10 अप्रैल दिन शनिवार से सभी फुटकर सब्जी व्यापारियों को भाजपा कार्योलय के पीछे एवं सरदार पटेल मैदान में व्यवस्थित किया जाना है। नपाध्यक्ष ने अपील की है कि सभी सब्जी व्यापारियों प्रशासन द्वारा चयनित सरदार पटेल मैदान एवं भाजपा कार्यालय के पीछे अपना व्यवसाय करेगें।

पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित

बेमेतरा। राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण करने हेतु जारी कार्यक्रम आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वर्तमान में कोविड-19 कोरोना संक्रमण के कारण प्रदेश के कुछ जिलो में लॉकडॉउन की स्थिति निर्मित है, जिससे निर्वाचक नामावली तैयार/ पुनरीक्षित किये जाने में कठिनाईयां होगी। जिसे देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत के उप निर्वाचन हेतु जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित किया गया है। जिले में 06 सरपंच एवं 21 पंच के लिए निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 09 अप्रैल 2021 को किया जाना था।

भाजपा महिला मोर्चा मंडल मैनपुर कार्यकारणी घोषित

■ कुमारी बाई पटेल महिला मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त

मैनपुर। भाजपा महिला मोर्चा गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजु नायक के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा एवं भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष दुलार सिन्हा के अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मैनपुर मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुमारी पटेल ने मैनपुर मंडल पदाधिकारियों की कार्यकारणी घोषित किया है, जिसमें भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुमारी पटेल, उपाध्यक्ष गौरीबाई पटेल, सुरजों बाई, महामंत्री गीता साहू, मंत्री मीरा यादव, पार्वती सिन्हा, रूखमणी, शांति जगत, प्रमिला पटेल, एंव कार्यकारणी सदस्य

श्रीमती नील साण्डे, देवकी साहू, लता ध्रुव, वजन कश्यप, विशाखा कश्यप, केशरी नेताम, जानकी, आरती सेन, पार्वती नागेश, राजकुमारी बघेल, सोहद्रा सोनवानी, ज्योति पटेल को नियुक्त किया गया है। भाजपा महिला मोर्चा मैनपुर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुमारी पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा उन्हे जो जिम्मेदारी दिया गया है उस जिम्मेदारी पर पुरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगी, उन्होने कहा कि केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाए संचालित किया जा रहा है इन योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को मिले इसके लिए गांव गांव जाकर महिला मोर्चा द्वारा महिलाओं को पार्टी से जोडा जायेगा, श्रीमती कुमारी पटेल ने कहा जब से छत्तीसगढ में कांग्रेस की सरकार आई है, महिलाओं के खिलाफ अपराध बढते जा रहे है, और तो और मैनपुर देवभोग क्षेत्र की जनता लगातार बिजली कटौती से बेहद परेशान हो गये है, इस समस्या के समाधान को लेकर महिला मोर्चा द्वारा जल्द ही मोर्चा खोला जायेगा।

जिले के 73 केन्द्रो में लगाये जा रहे है टीके

■ अब तक पहले डोज में 63 हजार और दूसरे डोज में 7 हजार से अधिक टीकाकरण पूर्ण

■ टीकाकरण के पश्चात भी मास्क पहने और सामाजिक दूरी का पालन करें - कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान जारी है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में 73 सेशन साइट में टीकाकरण हेतु समुचित इंतजाम किया गया है। ज्ञात है कि पूर्व में सेशन साइट की संख्या 30 तक ही सीमित था, जिसे बढ़ाकर 73 कर दिया गया है। टीकाकरण केन्द्रों मे 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक उत्साह के साथ टीका लगवा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 07 अप्रैल की स्थिति में पहले डोज में 63 हजार 699 लोगों को टीका लग चुका है। वहीं 07 हजार 822 लोगों को दूसरा डोज भी पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने आम नागरिकों से प्राथमिकता के आधार पर टीका लगवाने, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुए कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु अपील किया है। वहीं समस्त अधिकारियों

और कर्मचारियों को भी पात्रता के अनुसार अनिवार्य रूप से टीकाकरण और कोरोना टेस्ट कराने के निर्देश दिये है।

जानकारी के मुताबिक वर्तमान में जिले में 693 सेशन साइट के माध्यम से टीकाकरण किया जा रहा है। 16 जनवरी से प्रारंभ हुए टीकाकरण अभियान में 5 हजार 860 हेल्थ केयर वर्कर को पहला डोज और इनमें से 4 हजार 772 वर्कर को दूसरा डोज का टीका भी लग चुका है। इसी तरह 06 फरवरी से प्रारंभ हुए द्वितीय चरण में 3 हजार 75 फ्रंटलाइन वर्कर्स को पहला डोज और 2 हजार 22 फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीका का दूसरा डोज पूर्ण हो चुका है। 01 अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का टीकाकरण जारी है। जिले में इस वर्ग के एक लाख 26 हजार नागरिकों को टीका लगाये जाने का लक्ष्य है। 45 प्लस आयु वर्ग के 29 हजार 774 को प्रथम डोज और 199 को द्वितीय डोज लग चुका है। जबकि 60 प्लस आयु वर्ग के 24 हजार 990 लोगों को पहला डोज और 829 लोगों को दूसरा डोज लग चुका है। इस तरह कुल 54 हजार 764 नागरिकों को पहला डोज और 1 हजार 28 लोगों को दूसरा डोज लगाये गए हैं। आंकड़ो के अनुसार लक्ष्य के अनुरूप 47 प्रतिशत नागरिकों को पहला डोज लग चुका है।

विकासखंडवार आंकड़ो के अनुसार छुरा विकासखंड में 16 हजार 713 लोगों को प्रथम डोज और 1 हजार 726 लोगों को द्वितीय डोज लग चुका है। फिंगेश्वर विकासखंड में प्रथम डोज में 17 हजार 20 और द्वितीय डोज में 1755, गरियाबंद विकासखंड में प्रथम डोज में 17 हजार 205 और द्वितीय डोज में 2 हजार 131, मैनपुर विकासखंड में प्रथम डोज में 8 हजार 594 और द्वितीय डोज में 1548 एवं देवभोग विकासखंड में प्रथम डोज में 4136 एवं द्वितीय डोज में 662 लोगों को टीकाकरण किया गया है।

फर्जीवाड़े को छुपाने जंगल में लगी आग कर रही है संजीवनी का काम

-विधानसभा में भी उठ चुका हैं मामला, जांच में सबूत मिटाने का प्रयास तो नहीं?

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले में स्तिथ जिले के सबसे बड़े गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में लगी आग की चिंगारी अब राजधानी तक पहुँच चुकी है क्यो कि कुछ दिनों पूर्व ही हाल में हुए विधानसभा सत्र में इस राष्ट्रीय उद्यान में हुए लेंटाना उन्मूलन में विगत तीन वर्ष में खर्च हुई राशि के संबंध में मनेन्द्रगढ़ विधायक ने जवाब मांगा था जिससे जांच के साथ ही कार्यवाही की भी सुगबुगाहट थी किन्तु वर्तमान में इस राष्ट्रीय उद्यान के ज्यादातर सर्किल में लगी आग अब जाच व कार्यवाही पर संजीवनी का काम कर सकती हैं क्यो की समस्त वन सर्किल में लेंटाना उन्मूलन के ही ज्यादातर हिस्सों में आगजनी से वन सर्किल को नुकसान होने की चर्चाएं हैं , जब कि जिले के जनप्रतिनिधि भी पार्क अधिकारियों के इस लापरवाही पूर्ण रवैये व मुख्यालय में नही रहने के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं।फिर भी राष्ट्रीय उद्यान में पदस्थ प्रभारी अधिकारी कभी वाहन खराब होने या किसी अन्य कारणों का हवाला देते हुए अपने निवास या मुख्यालय बैकुंठपुर से ही वन

की निगरानी में जुटे हैं जिससे अब राष्ट्रीय उद्यान के जीव जंतुओं पर भी इस भीषण गर्मी में आग से हुए नुकसान से प्रभाव पढ़ने की संभावना हैं जब कि इस राष्ट्रीय उद्यान को टाईगर रिजर्व के रूप में पहचान मिलने की प्रक्रिया चल रही हैं ऐसे में यहा पदस्थ अधिकारियों की जिम्मेदारी को लेकर सवाल उठना लाजिमी हैं ।

आपको बता दे कि कुछ दिनों पूर्व समूचे राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों में आग लगी हुई थी।जिससे सैकड़ो हेक्टेयर वन क्षेत्र आग की चपेट में आने की वजह से जलकर खाख हो गया।बेपरवाह अधिकारी कर्मचारी सिर्फ कागजों में ड्यूटी करते है वास्तविकता से उन्हें कोई लेना देना नही रहता है।गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक भी दफ्तर से बाहर बहुत कम अपरिहार्य कारणों से ही निकलते है।इस लिए सच्चाई उन तक पहुँच ही नही पाती।

जानकारी के अनुसार इन दिनों पूरे पार्क परिक्षेत्रों में ज्यादातर प्रभारी अधिकारी ही सेवा प्रदान कर रहे है।सेवा के नाम पर खाना पूर्ति करने वाले ऐसे लापरवाह प्रभारियों के भरोसे पार्क अंतर्गत पूरा वन क्षेत्र के अलावा वन्य जीवों का जीवन दांव में लगा हुआ है।यही नही सूत्र बताते हैं कि विगत वर्षों पूरे पार्क परिक्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से लेंटाना उन्मूलन कार्य कराया गया था।जिसमे बड़ी गड़बड़ी की होने की आशंका शुरू से ही व्यक्त की जा रही थी वही विधानसभा में सवाल उठने के पश्चात जांच की।सुगबुगाहट थी किन्तु अब तक हुए आगजनी से अब जाच में अधिकारियो के बच जाने की उम्मीद हैं क्यो की आग से वन छेत्रो में लेंटाना के ज्यादातर पौधे भी जल चुके हैं जब कि रिकार्ड में उन्मूलन के तहत विगत तीन वर्षों में लगभग पाँच करोड़ रुपये की स्वीकृति हुई जो कि खर्च भी हो चुकी हैं । वर्तमान में इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को की गई है जहां तक जानकरी है इस पूरे मामले की जांच लंबित है,हो सकता है भविष्य में जांच उपरांत बडी कार्रवाई हो सके लेकिन अधिकारी आग के बहाने अपने किये पर पर्दा डालने अवसर की तलाश में है।

लेन्टाना कार्य सिर्फ कागजों में

इन दिनों जिस कदर पार्क क्षेत्रो में आग लगी हुई है और अधिकारी उसे बुझाने में कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे उससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि जिन क्षेत्रो में लेन्टाना कार्य सिर्फकागजों में हुए उन क्षेत्रो में यह आग अधिकारियों को बचाने में कहीं न कहीं संजीवनी का काम करेगी।वही इस संबंध में राष्ट्रीय उद्यान में पदस्थ कोई भी उच्च अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आये ।

जमीन का सीमांकन कराने 14 वर्षों से भटक रहा 75 वर्षीय बुजुर्ग

नक्शा फट जाने की बात कहकर अधिकारी कर्मचारी झाड़ रहे पल्ला

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रशासन जनता का काम समय पर पूरे कराने के कितने ही दावे कर ले लेकिन हकीकत यह है कि विभागीय लापरवाही के कारण जनता दर दर की ठोकरे खाते फिर रही है. ऐसा ही कुछ मामला ठाकुर पारा निवासी 75 वर्षीय एक बजुर्ग का प्रकाश में आया है जो कि विगत 14 वर्षों से ग्राम धमकी स्थित 7 एकड़ 17 डिसमिल जमीन का सीमांकन कराने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है . तहसील के अधिकारी कर्मचारी यह कहकर पल्ला झाड़ रहे है कि नक्शा फट गया है जिसके कारण सीमांकन नहीं हो पाएगा. इसके चलते उनके द्वारा फाईल बंद भी कर दी गई है. अब बुजुर्ग के सामने समस्या खड़ी हो गई है कि आखिरकार उसके जमीन का सीमांकन कैसे होगा. उन्होंने जिला प्रशासन से इस संबंध में गुहार लगाकर सीमांकन करने के लिए निर्देश जारी करने कहा.

ठाकुर पारा निवासी ईश्वरी सिंह ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर 75 वर्ष ग्राम धमकी का पटवारी हल्का नंबर 23 में 7 एकड़ 17 डिसमिल जमीन है जिसका सीमांकन कराना चाहते हैं. इसके लिए उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज तहसील कार्यालय में तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत भी किया जा चुका है लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी अब तक जमीन का सीमांकन नहीं किया गया है. ऐसे में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बुजुर्ग के द्वारा बार बार जाकर मिन्नतें करने के बाद भी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उनकी समस्याओं का निराकरण करने में जरा भी रूचि नहीं दिखा रहे हैं. थक हारकर ईश्वरी ठाकुर ने जिला प्रशासन को एक बार फिर आवेदन प्रस्तुत कर जमीन का सीमांकन करने के लिए निर्देश जारी करने कहा है.

कृषि भूमि पर कब्जा

ईश्वरी सिंह ने बताया कि कवर्धा ब्लाक अंतर्गत ग्राम धमकी में कुल 7 एकड़ 17 डिसमिल जमीन है उक्त जमीन को खरीदने के पूर्व 3 फिट मेंड़ तथा बरसाती पानी निकासी के लिए नाला था जो अब मात्र 5 से 10 इंच तक ही है इस खेत के बाजू में लगा हुआ बंद्रा बाई बेवा , स्वर्गीय चंदू साहू का पुत्र पेखन साहू खसरा नंबर 467/3 में 18 डिसमिल एवं दूसरा पुत्र खेलू साहू का 19 डिसमिल तथा बंद्रा बाई एवं उनके तीनों पुत्रियों के नाम 30 डिसमिल कुल 67 डिसमिल जमीन है . खसरा नंबर 468 के ऊपर खार से आने वाली बरसात के पानी को गिराने के लिए उनके खरीदने से पहले झाड़ूराम साहू द्वारा बनाया गया था जिसका बहुत बड़ा हिस्सा खेलू साहू एवं उनके परिवार के लोग खसरा नंबर 467/3 एवं 467/6 में काटकर अपने खेत में मिला लिया गया है. उन्होंने कहा कि उनकी जमीन को अवैध कब्जा किया गया है जिसके लिए तहसीलदार से उक्त कृषि भूमि को वापस दिलाने की मांग की गई. लेकिन अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया.

सीमांकन करने नहीं दे रहे ध्यान

पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उनके द्वारा सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर युक्त नक्शा जो पटवारी के कम्प्यूटर में दर्ज है तथा ऋण पुस्तिका, फार्म बी-1,खसरा,चलान कापी प्रस्तुत किया गया है उसके बाद भी सीमांकन नहीं करना समक्ष से परे है. इसके पूर्व भी वर्ष 2007 में खसरा नंबर 469 एवं 470 जमीन के सीमांकन के लिए तहसीलदार को आवेदन दिया गया था तब भी यही कारण बताकर सीमांकन नहीं किया गया. विगत 14 वर्षों से तहसील कार्यालय द्वारा फटे नक्शे पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते वर्तमान में यह स्थिति उत्पन्न हुई है.

विभागीय लापरवाही से नक्शा फटा

किसानों की जमीन का नक्शा तहसील कार्यालय में रहता है जिसे संभालकर रखना पड़ता है लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते ईश्वरी सिंह ठाकुर के जमीन का नक्शा फट गया है जिसके चलते अब उन्हें सीमांकन कराने में दिक्कतें हो रही है. उक्त जमीन के नक्शे की फोटोकापी किसान द्वारा उपलब्ध कराये जाने के बाद भी इसे मानने से इंकार किया जा रहा है और सीमांकन करना संभव नहीं बताकर फाईल को बंद कर दिया गया है. ऐसे में किसान के सामने दिक्कतें उत्पन्न हो रही है. उन्होंने जिला प्रशासन, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सीमांकन कराने की मांग की है.

परिवार सहित भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी

पीड़ित ईश्वरी सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके द्वारा विगत 14 वर्षों से तहसीलदार से लेकर जिला कलेक्टर तक को जमीन का सीमांकन कराने के लिए गुहार लगा चुके हैं. इसके लिए लगातार तहसील कार्यालय के चक्कर भी लगाए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो वे परिवार सहित भूखहड़ताल पर बैठ जाएंगे.

कन्हर नदी का गेट खराब होने से व्यर्थ बह रहा एनीकट का पानी

नवप्रदेश संवाददाता

रामानुजगंज। कन्हर नदी में बने एनीकट के गेट क्रमांक 1 से गेट बंद होने के बाद भी गेट के खराब होने के कारण तेजी से पानी निकल रहा है यदि अभी भी जल संसाधन विभाग चाहे तो इसे सुधार कर दे तो एनीकट में पानी कुछ दिन और टिक जाएगा और नगर की 25000 आबादी को बड़ी राहत मिलेगी परंतु जल संसाधन विभाग को तत्परता से इस ओर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

गौरतलब है कन्हर नदी सूख गया है वही एनीकट के गेट खराब होने के कारण लगातार पानी निकल रहा है यदि जल संसाधन विभाग चाहे तो तत्परता दिखाते हुए गेट क्रमांक 1 जहां से तेजी से पानी निकल रहा है उसे सिर्फ रोक दे तो एनीकट में पानी कुछ दिन और टिक जाएगा और नगर पंचायत में पानी को लेकर मचाने वाले हा हा कार को कुछ दिन और टाला जा सकेगा। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को भी इस ओर गंभीरता से पहल किए जाने की आवश्यकता है ताकि के निकट में पानी रुक सके।

एक दिन की भी देरी पड़ेगी भारी

कन्हर नदी सूखने के बाद एनीकट में जमा पानी तेजी से गेट के खराब होने कारण निकल रहा है इसे तत्परता से रोके जाने की आवश्यकता है एक दिन की भी देरी भारी पड़ सकती है एवं एनीकट पूर्णत खाली हो जाएगा।

फिंगेश्वर के साथ आज से राजिम भी हुआ आंशिक लॉकडाउन

गरियाबंद। बढ़ते हुए कोरोना कहर के चलते जिले के जहां फिंगेश्वर पूर्ण लॉकडाउन है वहीं आज से राजिम में भी आंशिक लॉकडाउन घोषित किया गया है तो वहीं गरियाबंद को लेकर रहस्य बरकरार है । बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण को रोकने के दिशा में कदम उठाते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश क्षीरसागर ने अपने शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है कि राजिम में दुकान खुलने और बंद करने का समय निर्धारित किया गया है। कोरोना के बढ़ते प्रकरणों के कारण पड़ोसी जिले रायपुर में 10 दिनों के लिए आज शाम से लॉकडाउन लागू हो रहा है। कोरोना के बढ़ते आंकड़ों के कारण स्थानीय व्यापारियों ने फिंगेश्वर को आज से 3 दिनों के लिए स्वस्फूर्त बंद करने का फैसला लिया है। अब ऐसी ही खबर राजिम से सामने आई है । यहां भी व्यापारिक प्रतिष्ठान अब दोपहर 2 बजे तक ही खुले रहेंगे। एसडीएम जी.डी. वाहिले ने एक आदेश जारी किया है । जिसमे राजिम अनुविभाग क्षेत्र में व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह 6:00 से दोपहर 2:00 बजे तक खोलने निर्धारित किया है। इससे पहले व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों की एक बैठक में इस पर चर्चा की गयी उसके बाद आदेश जारी किया गया जो सम्पूर्ण राजिम अनुविभाग क्षेत्र के व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों पर लागू होगा। इसके अतिरिक्त एसडीएम जी.डी.वाहिले ने सभी दुकानदारों को कोरोना नियमों की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी जारी किए है।

किसी के पक्ष में प्रचार करना पद के दुरुपयोग करने की श्रेणी में नहीं आता : हाईकोर्ट

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने अहम फैसला देते हुए निर्धारित किया कि जेजे एक्ट 2015 के प्रावधान के आधार पर किसी के पक्ष में प्रचार करना पद के दुरुपयोग करने की श्रेणी में नहीं आता है। बाल कल्याण समिति कोरबा की अध्यक्ष मधु पांडे को आदेश दिनांक 11/04/2017 के द्वारा 3 वर्ष की अवधि हेतु बाल कल्याण समिति कोरबा के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया था। इसी दौरान उनके द्वारा ग्यारह एवं बारह नवंबर 2018 को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने का आरोप लगाया गया था! जिसपर संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा शो कॉज नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गयज़ जिसके जवाब में श्रीमती मधु पांडे द्वारा उक्त आरोपों से इनकार किया गया। अचानक से जब उनके कार्यकाल के 2 माह शेष बचे थे तब शासन द्वारा 19 जनवरी 2021 को उन्हें पद से हटाने का आदेश दे दिया गया। मधु पांडे द्वारा उक्त आदेश को अवैधानिक व विधि विरुद्ध मानते हुए हाईकोर्ट में अधिवक्ता रोहित शर्मा के माध्यम से रिट याचिका प्रस्तुत कर चुनौती दी गई।

महिला कर्मी से छेड़खानी के मामले मे फूड अफसर डड़सेना के खिलाफ मामला दर्ज

गरियाबंद। पुलिस द्वारा जिला खाद्य अधिकारी हुलास डड़सेना के खिलाफ एक महिला कर्मी की शिकायत पर छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने की एफआईआर दर्ज की गई है । सिटी कोतवाली पुलिस ने महिला की शिकायत की जांच की और आरोप को सही पाया गया । इसके बाद आईपीसी की धारा 354 व 509 (ख) के तहत एफआईआर दर्ज की गई । एफआईआर होने के बाद प्रशासन में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है । मिली जानकारी के अनुसार राजिम थाना क्षेत्र की एक महिला ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है । महिला ने शिकायत में बताया है कि वह पिछले कुछ माह से खाद्य विभाग में बतौर दैनिक वेतनभोगी कर्मी के रूप में काम कर रही है । इस दौरान उक्त अधिकारी महिला के साथ कार्यालयीन समय में अपने केबिन में बुलाकर अश्लील हरकतें करता है । और सेलफोन पर भी अश्लील मैसेज करता है । जिसके चलते महिला द्वारा परेशान होकर यह शिकायत दर्ज कराई गई है ।

एएसपी सुखनंदन राठौर के मुताबिक महिला के मोबाइल फोन पर भी अश्लील मैसेज करने का आरोप है जिससे महिला काफी परेशान है । उक्त महिला की शिकायत की प्रारंभिक जांच कराई गई है । और शिकायत को सही पाया गया । जिसके बाद जिला अधिकारी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आईपीसी की धारा 354 व 509 (ख) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है ।

बिना अनुमति के बनाई जा रही थी सड़क, तहसीसदार ने रूकवाया काम

रामानुजगंज। बिना अनुमति के शिव मंदिर घाट से बुध्द टोला तक सड़क बनाया जा रहा था जिसे तहसीलदार विवेक चंद्रा के द्वारा रुकवाया गया था। नदी किनारे सड़क बनाएं जाने के औचित्य पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि यह सड़क जब बाढ़ आता है तो टिक पाएगा या नहीं?

गौरतलब है कि शिव मंदिर घाट से बुध टोला तक निजी व्यक्ति के द्वारा बिना किसी अनुमति के दर्जनों ट्रैक्टर एवं जेसीबी के माध्यम से सड़क बनवाए जाने का कार्य किया जा रहा था जब इसकी शिकायत उच्च्च अधिकारियों से हुई थी उसके बाद मौके पर तहसीलदार विवेक चंद्रा पहुंचे जिन्होंने जेसीबी एवं ट्रैक्टर को जप्त किया वही कार्य को भी रुकवाया जिस प्रकार से कार्य मनमानी पूर्वक किया जा रहा था इसे लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि बिना अनुमति के किसके सह कार्य किया जा रहा था।

हरे भरे पेड़ों को काट दिया गया- एक ओर जहां नदी किनारे लगे हरे भरे पेड़ नदी के तट के कटाव को रोकते थे वही उन्हें काट दिया गया यदि पेड़ों को नहीं भी काटा जाता तो काम चल सकता था। यह यहां दशकों पुराने थे।

पारस धाम जैन भवन
शादी-विवाह, रिसेप्शन, बर्थडे पार्टी एवं अन्य मांगलिक और सामुहिक कार्यों के लिए सर्वोत्तम स्थल।
16 ए.सी. कमरे
1 बैंक्वेट हॉल
2 शानदार स्टेज
100x200 के 2 लॉन
आकर्षक वातावरण
धनोरा रोड, रिसाली, भिलाई
छाया गार्डन वाले प्रभात जैन
98271-87461

कवर्धा की होनहार बेटी अंकिता को वीरनी अवार्ड

सीएम करेंगे सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ सरकार ने पहली मर्तबा 14 अप्रैल को वीरानी पुरस्कार की पहले संस्करण की घोषणा की है जिसमे कवर्धा पुलिस में पदस्थ अंकिता गुप्ता को 14 अप्रैल के मुख्यमंत्री के वीरनी अवार्ड से सम्मानित करेंगे,अंकिता के साथ साथ राज्य की सात लोगो को यह अवार्ड दिया जाएगा।

यह पुरस्कार अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए दिया जा रहा है, जो समाज के बीच रचनात्मक काम करते हुए आगे बढ़ रहे है। सरकार भी भारतीय महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें मनाने के लिए संकल्पबद्ध है। इस अवार्ड का उद्देश्य यह है कि महिलाओं के द्वारा किये गए इस नेक काम के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित करना तथा यह बताना की एक राष्ट्र, अर्थव्यवस्था और समाज केवल तभी प्रगति कर सकते हैं जब महिलाएं प्रगति करती हैं।

इसी में कबीरधाम पुलिस में अंकिता गुप्ता ने पिछले 6 वर्षों से शहर तथा दीगर जिलों की बेटियों को पुलिस भर्ती तथा सेंट्रल फ़ोर्स से लेकर अनेक विधाओं की ट्रेनिंग तथा खेल का प्रशिक्षण निशुल्क देते आ रही है , इनके प्रयास से लगभग 200 छात्राओं का चयन सेंट्रल फ़ोर्स और पुलिस विभाग में हुआ को देखते हुए इनका चयन किया गया है।

नव प्रदेश Health Online C.G.
विज्ञापन हेतु संपर्क - 0771-4035602, 99932-55740

डॉ. गुरुगोस्वामी प्राकृतिक चिकित्सालय
62
भर्ती सुविधा उपलब्ध
हास्पिटल में कार्य करने हेतु ऊर्जावान युवक-युवती की आवश्यकता है, संपर्क करें-
0771-2424078 99931-37510, 93033-77510